



दैनिक **सांध्य प्रकाश**

भोपाल की धड़कन

वर्ष 53/ अंक 98/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10

संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल

▪आर.एन.आई 22296/71 ▪डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, बुधवार 8 नवम्बर 2023 भोपाल से प्रकाशित

dainiksandhyaprakash.in


## सभी व्यापारिक प्रतिष्ठानों को जीएसटी के दायरे में लाया जाएगा: सीतारमण



**नई दिल्लीवापी।** निर्मला सीतारमण ने गुजरात के वापी में जीएसटी सुविधा केंद्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सीतारमण ने कहा कि जीएसटी सुविधा केंद्रों से व्यापारिक प्रतिष्ठानों को जीएसटी पंजीकरण कराने में आने वाली असुविधाओं को दूर करने में मदद मिलेगी और मुद्दों को हल करने में आसानी होगी।

### दमोह में प्रधानमंत्री ने किया विशाल सभा को संबोधित

# मध्य प्रदेश में फिर डबल इंजन की सरकार बनना तय: मोदी



**दमोह।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दमोह पहुंचे। संसदीय क्षेत्र के आठ भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में सभा को संबोधित करते हुए कहा-मध्य प्रदेश में एक बार फिर डबल इंजन की सरकार बनना तय है। आशीर्वाद देने आई जनता-जनार्दन का वंदन। ये मोदी की गारंटी है कि जब तीसरी बार मेरा सेवाकाल प्रारंभ होगा, मैं इस देश की अर्थव्यवस्था को दुनिया की टॉप 3 में लाकर रहूंगा। हमारे गारंटी खजाने लुटाने की नहीं होती, बल्कि हमारी गारंटी देश को ऑन-बान-शान के साथ आगे ले जाने की होती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बोले-हमारी गारंटी वोट बटोरने की नहीं, बल्कि देशवासियों के सामर्थ्य बढ़ाने की होती है।

हमने 4 करोड़ लोगों के घर बनाए। ढाई करोड़ परिवारों को मुफ्त कनेक्शन दिया। गरीबों को 5 लाख तक के मुफ्त इलाज कराया। कोरोना काल में मुफ्त में वेक्सीन लगाई। मुफ्त में राशन दिया व दे रहा। किसी गरीब को भूखा सोने नही दूँगा। 80 करोड़ लोगों को मुफ्त में अनाज देने का काम शुरू किया। अब आने वाले 5 वर्षों तक मुफ्त में अनाज देने का निर्णय लिया। कांग्रेस लगातार शिकायत कर रही है। हमने शिक्षा नीति लागू की। पहली बार मतदान करने वाले वोटर आने वाले 25 वर्ष आपके आने वाले दिन है। आपकी जिंदगी को मुक्त कराना चाहता हूँ। कांग्रेस ने सूखा व पलायन दिया।



दमोह में प्रधानमंत्री का स्वागत करते हुए केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल। समीप हैं प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री गोपाल भार्गव।

### देश से एक ही झूठ बार-बार बोलती आ रही है कांग्रेस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- वर्षों से कांग्रेस देश से एक ही झूठ बार-बार बोलती आ रही है, गरीबी खत्म करने का नारा देती रही। लेकिन कांग्रेस कभी गरीबी खत्म नहीं कर पाई क्योंकि कांग्रेस के नेताओं की नीयत ठीक नहीं थी। कांग्रेस के राज्य में गरीब और गरीब होते गए और अमीर और अमीर होते गए।...कांग्रेस के लिए देश और राज्य का विकास जरूरी नहीं बल्कि उनके लिए सिर्फ अपना स्वार्थ ही जरूरी है। 2014 तक जब 10 साल कांग्रेस को मौका दिया गया था तब उस समय के प्रधानमंत्री क्या करते थे आपको पता नहीं था उस समय पीएम रिमोट से चलते थे और आज कांग्रेस अध्यक्ष रिमोट से चलते हैं।

### हमें गर्व है कि हम पांडवों के बताए रास्ते पर चल रहे हैं

मोदी ने कहा- जब रिमोट चलता है तो वह (कांग्रेस अध्यक्ष) सनातन (धर्म) को गाली देते हैं और जब रिमोट बंद हुआ तो कल उन्होंने पांडवों की बात की और कहा कि बीजेपी में पांच पांडव हैं। हमें गर्व है कि हम पांडवों के बताए रास्ते पर चल रहे हैं।

**सांध्यप्रकाश विशेष**

## दिग्विजय सिंह का बड़ा बयान- 'आजकल मुझसे ज्यादा विवादित बयान दे रहे कैलाश विजयवर्गीय'

**इंदौर।** कांग्रेस महासचिव दिग्विजय सिंह ने मंगलवार को इंदौर आकर बड़े संख्याक लोगों के साथ एक मीडिया इंटरव्यू किया, जिसमें उन्होंने भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय पर आक्रोश प्रकट किया और कहा कि 'कलाकार संकट में हैं।' उन्होंने कहा, देश के भाजपा नेतृत्व से केंद्रीय नेतृत्व ही नहीं, जनता भी नाराज है। 18 साल की भाजपा सरकार को लेकर नाराजगी नीचे तक महसूस की जा रही है।



दिग्विजय सिंह ने भाजपा के नेता कैलाश विजयवर्गीय के खिलाफ एक तरह की नाराजगी जताई और कहा कि इस बार कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत मिल रहा है और दिग्विजय ने सरकार बनाने का दावा किया है। दिग्विजय ने विजयवर्गीय के बयान के परिप्रेक्ष्य में कहा कि भाजपा की चिंता बढ़ गई है।

वहीं दिग्विजय सिंह ने यह दावा किया कि इस बार भाजपा कोई रिकवर नहीं कर रही है, और वे लगातार पीछे हो रही है। सीटों को लेकर दोनों पक्षों के बीच गैप बढ़ रहा है।

**कांग्रेस की योजना:** कांग्रेस ने मध्यप्रदेश में चुनावी जीत के लिए योजना बनाई है और विजयवर्गीय के बयान को इस योजना का हिस्सा माना जा रहा है। कांग्रेस की योजना के तहत, वे 130 से ज्यादा सीटें जीतकर सरकार बनाने का दावा कर रहे है।

## आज एमपी दौरे पर केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, कई विधानसभा सीटों के लिए करेगी धुआंधार प्रचार



**भोपाल।** भाजपा की सबसे प्रचलित नेता व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी आज मध्य प्रदेश दौरे पर है . इस दौरान भाजपा की कई विधानसभा सीटों को लेकर अपने चुनावी प्रचार में स्मृति ईरानी चुनावी हुंकार भरेगी। जानकारी के मुताबिक केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी आज छिंदवाड़ा, कटनी, जबलपुर और भोपाल जिले की विधानसभा में चुनाव प्रचार करेगी।

वहीं कमलनाथ का गढ़ कहा जाने वाला छिंदवाड़ा भी स्मृति ईरानी के इस चुनावी दौरे का हिस्सा है। जानकारी के अनुसार केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी आज भोपाल और कटनी जिले में भी भाजपा के लिए चुनाव प्रचार में तेजी लाएगी। मध्यप्रदेश में चुनाव से पहले भाजपा अपने तमाम बड़े नेताओं का दौरा मध्यप्रदेश में करा रही है। ऐसे में भाजपा की सबसे प्रचलित नेता स्मृति ईरानी का यह दौरा भाजपा के लिए एक बड़ा चुनावी कदम साबित हो सकता है। जानकारी के मुताबिक यानी 8 नवंबर को केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी दोपहर में छिंदवाड़ा जिले की भाजपा की विधानसभा सीट के लिए प्रचार प्रसार में भाग लेंगी।

## नीतीश कुमार ने दोनों सदन में मांगी माफी, भाजपा के विरोध पर बोले- यह लोग अंड-बंड बोल रहा



**पटना।** बिहार विधानसभा में मंगलवार को दिए विवादित बयान के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने माफी मांग ली है। नीतीश कुमार के आपत्तिजनक बयान के बाद जोरदार हंगामा शुरू हो गया था। विपक्षी दलों के साथ-साथ महिला आयोग ने भी नीतीश कुमार के बयान की निंदा की थी। इसके बाद नीतीश कुमार ने आज विधानसभा में दिए विवादित बयान पर माफी मांग ली। उन्होंने कहा कि हमने महिला उत्थान के लिए इस बात को कहा था, लेकिन यदि हमारी बात से किसी को ठेस पहुंची है तो इसके लिए मैं माफी मांगता हूं।



## मुख्यमंत्री को पानसेमल में बहनों ने बांधी राखी, शिवराज ने कहा- बहनों के लिए जीवन समर्पित

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज पानसेमल में चुनावी सभा को संबोधित करने पहुंचे तो उन्हें कई बहनों ने आकर राखी बांधी और कहा कि वे बहनों के लिए जो कुछ कर रहे हैं, किसी ने नहीं किया। सभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि हम समाज के हर वर्ग का उत्थान करना चाहते हैं, लेकिन कांग्रेसी नेताओं को यह अच्छा नहीं लग रहा है। कांग्रेस ने जनता को हमेशा लूटा है। उनके साथ धोखा किया है। मोदी जी ने देश को आज हर तरह से समृद्ध किया है। चारों ओर विकास ही विकास है। मध्यप्रदेश को भी उनका पूरा आशीर्वाद मिला है। हमने राज्य को पिछड़े राज्यों की श्रेणी से बाहर किया है। लेकिन इन लोगों को ये भी अच्छा नहीं लग रहा है। श्री चौहान ने कहा कि हमने बहनों पर कोई उपकार नहीं किया है, हम केवल एक भाई का धर्म निभा रहे हैं। शिवराज जब तक जिंदा है, बहनों के लिए करता ही रहेगा। आदिवासी भाइयों को हमारी सरकार ने हर सुविधा देने का संकल्प लिया और आज ये हालत है कि हमारे आदिवासियों की स्थिति में भी सुधार हुआ है। हम किसी भी कीमत पर सुधार के इस सिलसिले को जारी रखना चाहते हैं, कोई कितना ही विरोध करे, आपका प्यार हमें मिलेगा तो हम फिर सत्ता में आएंगे और आपका भला करेंगे।



## कमलनाथ बोले- किसानों के मामले में झूठ बोल रही भाजपा

**भोपाल।** किसान कर्ज माफी के मुद्दे पर कांग्रेस और बीजेपी का एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप जारी है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहना है कि चुनावी मौसम में भारतीय जनता पार्टी की झूठ बोलने की शक्ति कई गुना बढ़ जाती है। नाथ ने आगे लिखा कि भाजपा के नेता पूरी बेशर्मी से सार्वजनिक मंचों से कह रहे हैं कि कांग्रेस पार्टी ने किसानों का कर्ज माफ नहीं किया। लेकिन आप देखिए विधानसभा में कांग्रेस विधायक बाला बच्चन के सवाल के जवाब में शिवराज सिंह चौहान के कृषि मंत्री कमल पटेल ने खुद स्वीकार किया है कि कांग्रेस सरकार ने करीब 27 लाख किसानों का कर्ज माफ किया। इस जवाब से यह भी स्पष्ट हो जाता है कि एक तरफ जहां कांग्रेस ने 27 लाख किसानों का कर्ज माफ किया वहीं भाजपा ने सत्ता में आते ही किसानों की कर्ज माफी बंद कर दी।



पीसीसी चीफ ने सोशल मीडिया पर लिखा कि भाजपा और शिवराज सिंह चौहान किसानों के दुश्मन हैं। यह खुद तो किसानों की भलाई का कोई काम कर नहीं सकते और अगर कांग्रेस किसानों को कोई फायदा पहुंचाती है तो उसे बर्बाद करने में पूरी ताकत लगा देते हैं। जनता को अच्छी तरह समझ लेना चाहिए कि कांग्रेस पार्टी किसानों से जो वादे करती है, उन्हें हर कीमत पर पूरा करती है और भारतीय जनता पार्टी आज चुनाव के समय जो वादे कर रही है, उन्हें कभी नहीं निभाएगी। कांग्रेस किसानों की पार्टी है और भाजपा सौदेबाजों की पार्टी है। 17 नवंबर को मध्य प्रदेश की जनता धोखेबाज भाजपा को सबक सिखाएगी।




# ध्रुवनारायण सिंह ने वार्ड-34 पुरानी विधानसभा क्षेत्र में किया जनसंपर्क



**भोपाल।** मंगलवार शाम को ध्रुवनारायण सिंह ने मध्य विधानसभा क्षेत्र के वार्ड-34 के अंतर्गत पुरानी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा महाराणा प्रताप मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में जनसंपर्क किया। हर घर स्वागत, हर घर कमलमय है वार्ड-34 हर जगह महिलाओं ने बुजुर्गों ने फूल मालाओं से स्वागत किया। जनसंपर्क इस प्रकार रहा वार्ड-34,पुरानी विधानसभा क्षेत्र के मालवीय नगर,पुरानी विधानसभा क्षेत्र के सामने,रुस्तम परिसर फेस-1,रुस्तम फेस-2,आम वाली बगिया,वेटनरी,जदा,थाने वाली पुलिस लाईन,सब्बन चौराहा जहांगीराबाद,लाला शादी हॉल,क्का।क्त तिराहा,न्यू तीन मंजिला पुलिस लाईन,न्यू दो मंजिला पुलिस लाईन,पुराना तीन मंजिला पुलिस लाईन,धोभी घाट,कृष्णा घाडगे की मल्टियों पर समापन हुआ। जनसंपर्क में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कृष्णा घाडगे, भाजपा के वरिष्ठ नेता वार्ड-34 के पार्षद पप्पू विलासराव घाडगे सहित भाजपा के वरिष्ठ नेतागण भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# उत्तर विधानसभा के निर्दलीय प्रत्याशी नासिर इस्लाम ने किया जनसंपर्क किया



**भोपाल।** उत्तर विधानसभा के निर्दलीय प्रत्याशी नासिर इस्लाम ने लालघाटी पर अपना जनसंपर्क किया जिसमें वहां पर मौजूद बुजुर्गों का उन्होंने दुआएं और आशीर्वाद ली लोगों में उन्हें देखकर उत्साह का माहौल था भारी जन समर्थन के साथ नासिर इस्लाम को लोगों ने अपनी परेशानियों से अवगत करवाया नासिर इस्लाम ने उनसे जीतने के बाद उनकी परेशानी दूर करने का वादाकिया

## रामेश्वर शर्मा का बिलखिरिया मण्डल और वार्ड 85 में सघन जनसंपर्क

# क्षेत्र के विकास के साथ लोगों की सेवा करना ही मेरी पहली प्राथमिकता : रामेश्वर शर्मा

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

क्षेत्र के विकास के साथ लोगों की सेवा करना ही मेरी पहली प्राथमिकता है। मैंने अपने कार्यकाल में विधानसभा क्षेत्र के सभी जर्जर एवं कच्ची सड़कों का कायाकल्प किया है। कोई भी गांव विकास की रोशनी से अछूता नहीं रहा है। सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के सभी वर्गों के लोगों तक पहुंचे।, इसके लिए हर समय तत्पर रहता हूँ। मैंने नागरिक सुविधा का ऐसा मॉडल तैयार किया है कि प्रदेश में मिसाल है। विकास में भी हम अग्रणी बन गए हैं। उक्त विचार मंगलवार को हुजूर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले इलाकों में अपने जनसंपर्क के दौरान भाजपा प्रत्याशी रामेश्वर शर्मा ने कहे। हुजूर विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी रामेश्वर शर्मा ने आज बिलखिरिया मण्डल तथा वार्ड क्रमांक 85 में सघन जनसंपर्क किया।



उन्होंने लोगों से मुलाकात की और भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया। इस दौरान उनका घर-घर में अभिनंदन किया गया। जनता द्वारा उन्हें फूलों की माला पहनाकर और आरती उतार कर जीत के लिए शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर लोगों की बीच अपनी बात रखते हुए रामेश्वर शर्मा ने कहा कि पिछले 10 वर्षों से निरंतर मैं क्षेत्र के विकास के काम में लगा हूँ। हुजूर क्षेत्र के वासी खुद साक्षी है कि बीते वर्षों में होने वाली परेशानियों से आज हुजूर क्षेत्र को मुक्ति मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि सघन आबादी वाले क्षेत्र में विकास करना चुनौतीपूर्ण कार्य होता है, हमने जन भावनाओं का सम्मान करते हुए उनकी मंशानुरूप हर वो काम कराए जो जनहित के लिए जरूरी थे। मैंने संपूर्ण हुजूर के विकास को ध्यान में रखकर कार्य किया है। रामेश्वर शर्मा ने कहा कि हुजूर विधानसभा मेरा परिवार है ऐसे में चुनाव के समय में अपने परिवार से साथ और सहयोग की अपेक्षा के साथ कमल के फूल के पक्ष में वोट करने और भाजपा की सरकार बनाने के आग्रह के साथ आपके पास आया हूं।

### इन स्थानों पर हुआ जनसम्पर्क

मंगलवार को हुजूर भाजपा प्रत्याशी एवं विधायक रामेश्वर शर्मा के द्वारा समरधा जंगल, हरिपुरा एवं अर्जुन नगर, पडरिया काछी, नवीन बस्ती, कान्हासैया, कस्तूरी होम्स, बर्राई बस्ती, बर्राई गाँव, आशिमा रॉयल सिटी, आशिमा डिवाइन सिटी, फ्लावर सिटी, पेवल वे फेस 1 में जनसम्पर्क कर जनसंवाद किया गया।

# कुंजल वेलफेयर सोसायटी ने अपना 15वां स्थापना दिवस और दिवाली उत्सव मनाया

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



कुंजल वेलफेयर सोसायटी ने अपने 15वें स्थापना दिवस और दिवाली उत्सव के अवसर पर आंगनवाड़ी के बच्चों के साथ केक काटा और बच्चों को कपड़े, स्टेशनरी, मिठाई, खिलौने आदि बांटे। कार्यक्रम में संस्था के पदाधिकारी और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत भारत के संविधान निर्माता बाबासाहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर और संविधान की प्रति के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान बच्चों को संविधान का महत्व बताया और उसको पढ़ने के लिए प्रेरित किया। संस्था अध्यक्ष श्री आर एन पाटिल ने उनको बताया कि अपने भारत देश के संविधान के अंतर्गत ही संस्था की स्थापना और संचालन किया जाता है। कुंजल वेलफेयर सोसायटी को महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण और बच्चों के हितों की रक्षा के लिए स्थापित किया गया है और विगत 15 वर्षों में संस्था ने अपने इन उद्देश्यों को पूरा करने में सफलता प्राप्त की है।

शैलेष जी ने बच्चों के लिए प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया और सही जबाव देने वालों को पुरस्कृत किया। केक देखते ही बच्चों के मुंह से एक स्वर में वाह निकल पड़ा। सभी बच्चों ने मिलकर स्थापना दिवस का केक काटा और मिल बांटकर खाया। निदेशक प्रभा गौर, शशि व्यास, रिंकु बाथम, वंदना, प्रियल ने सभी बच्चों को कपड़े, स्टेशनरी, मिठाई, खेल सामग्री और खिलौने बांटे। छोटे बच्चों ने कविता सुनाई, बड़े बच्चों ने गाना गाकर अपनी खुशी जाहिर की। अंत में सभी बच्चों ने डांस और भरपूर मस्ती की और सभी को दिवाली की शुभकामनाएं दी।

## निशा अल्वी सिद्दीकी बनी प्रदेश महामंत्री



**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती विभा पटेल ने श्रीमती निशा अल्वी सिद्दीकी को महिला कांग्रेस में प्रदेश महामंत्री के पद पर नियुक्त किया है। श्रीमती निशा को प्रदेश महामंत्री बनने पर सोहागपुर विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी पुष्पराज सिंह पटेल, जिला पंचायत सदस्य वार्ड क्रमांक-9 हाकम सिंह गुर्जर, जिला पंचायत सदस्य दौलतराम पटेल, जगदीश पटेल पूर्व सरपंच, धर्मेंद्र पटेल उप सरपंच सेमरी हरचंद, रामनाथ पटेल, राजेश पटेल, भूरेलाल मर्सकोले ने बधाई देते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का आभार माना है।श्रीमती निशा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका पूरी लगन, निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करूंगी।

## युवाओं को रोजगार देने के लिए दी जाएगी निःशुल्क वोकेशनल ट्रेनिंग

**संत हिरदाराम नगर।** भगवान कला केन्द्र द्वारा टैली, कम्प्यूटर टाइपिंग, शार्टहेंड, एमएस आफिस, ग्राफिक्स डिजायनिंग, सिलाई, मेहंदी, कम्प्यूटर हार्डवेयर आदि कोर्स निःशुल्क सिखाया जाएगा। कोर्सेस के लिए पंजीयन 1 नवंबर से प्रारंभ हो चुका है एवं अंतिम तिथि 14 नवंबर है। निःशुल्क ट्रेनिंग 17 नंवबर से 16 दिसंबर तक एक माह के लिए प्रदान की जाएगी। केन्द्र के पदाधिकारी थांवर वरलानी द्वारा बताया गया है कि संत नगरी एवं आसपास के रहवासी युवाओं को लाभांवित करने के उद्देश्य से निःशुल्क ट्रेनिंग का आयोजन किया गया है। वर्तमान में उक्त कोर्सेस की अत्यधिक मांग है अतः रोजगार के अवसर को देखते हुए वरलानी द्वारा युवाओं से इस अवसर का लाभ उठाने के लिए अपील की गई है।

# मानसरोवर पब्लिक स्कूल में एचसीएल टेक्नोलॉजीज की रजिस्ट्रेशन ड्राइव आयोजित

**भोपाल।** गत दिवस मानसरोवर पब्लिक स्कूल में प्रतिष्ठित सॉफ्टवेयर कंपनी एचसीएल टेक्नोलॉजीज के टेक बी प्रोग्राम की रजिस्ट्रेशन ड्राइव आयोजित की गयी। मानसरोवर समूह के करियर डेवलपमेंट सेल के हेड राहुल मालवीय ने एचसीएल भोपाल क्लस्टर हेड संजय तिवारी जी का स्वागत किया। इसके बाद प्रेजेंटेशन के जरिये श्री तिवारी ने कक्षा बारहवीं और ग्यारहवीं के छात्रों को इस टेक बी प्रोग्राम के तहत अर्न एन्ड लर्न प्रोग्राम की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उन्होंने मानसरोवर पब्लिक स्कूल के उन छात्रों के बारे में बताया जो इस टेक बी के तहत जुड़कर वर्तमान में कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि मैथ्स स्ट्रीम के छात्रों और कंप्यूटर स्ट्रीम वाले छात्रों के लिए टेक बी प्रोग्राम बेहद सफलता से चल रहा है , जिसमे छात्रों को एक वर्ष की ट्रेनिंग दी जाती है और उसके बाद छात्र एचसीएल के नियमित एग्जीक्यूटिव हो जाते हैं। प्रेजेंटेशन के बाद छात्रों ने रजिस्ट्रेशन किया जिसके बाद उन्हें एक



ऑनलाइन टेस्ट देना होगा, जिसके बाद छात्र इस प्रोग्राम से जुड़ सकेंगे। मानसरोवर पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर डॉ सोजेन जोसफ ने श्री तिवारी को छात्रों को दिए गए अवसर के लिए धन्यवाद दिया। मानसरोवर समूह के चीफ एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर इंजीनियर गौरव तिवारी जी ने कहा कि मानसरोवर समूह स्कूल लेवल से ही छात्रों को रोज़गार के बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए प्रयासरत रहता है। छात्र अगर करियर की शुरुआत ही एचसीएल टेक्नोलॉजीज जैसी कंपनी से करेंगे तो निश्चित ही एक बेहतरीन करियर शिखर पर पहुंचेंगे।

# कॉर्पोरेट एटिकेट्स और एडवांस्ड एक्सेल पर सर्टिफिकेट कोर्सेस का आयोजन

**संत हिरदाराम नगर।** संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज के वाणिज्य विभाग द्वारा कॉर्पोरेट एटिकेट्स और स्टेटिस्टिकल इनसाइट्स इन एक्सेल विषय पर सर्टिफिकेट कोर्सेस का आयोजन किया गया। कॉर्पोरेट एटिकेट्स सर्टिफिकेट कोर्स की विषय विशेषज्ञ प्रो गुंजन शर्मा, सहायक प्राध्यापक, वाणिज्य और स्टेटिस्टिकल इनसाइट्स इन एक्सेल की विषय विशेषज्ञ प्रो अपूर्वा साकी, सहायक प्राध्यापक, वाणिज्य थी। इन दोनों सर्टिफिकेट कोर्सेस को आयोजित करने का उद्देश्य छात्राओं को विषय सम्बन्धी आवश्यक व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना था।



महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ डालिमा पारवानी ने दोनों सर्टिफिकेट कोर्सेस के आयोजन पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि महाविद्यालय में इस प्रकार के आयोजन महाविद्यालयीन स्तर पर भी निरंतर किये जाते है ताकि छात्रहित में उपलब्ध संसाधनों का प्रभावी तरीके से उपयोग कर छात्राओं को लाभान्वित कर सके। दोनों सर्टिफिकेट कोर्स वर्तमान समय में अतिमहत्वपूर्ण है। कॉर्पोरेट एटिकेट्स सर्टिफिकेट कोर्स की विषय विशेषज्ञ प्रो गुंजन शर्मा ने छात्राओं को कॉर्पोरेट एटिकेट्स, हैंडशेक, ईमेल ड्राफ्टिंग, डायनिंग एटिकेट्स,टेलीफोन एटिकेट्स, ड्रेस कोड का महत्व और फॉर्मल लेटर्स के बारे में सविस्तार बताया। उन्होंने कहा कि छात्राओं के व्यक्तित्व विकास में भी यह महत्वपूर्ण है। स्टेटिस्टिकल इनसाइट्स इन एक्सेल की विषय विशेषज्ञ प्रो अपूर्वा साकी ने छात्राओं को एक्सेल, डाटा एंट्री,फार्मूला और फंक्शन, डाटा क्लीनिंग एन्ड प्रिपरेशन, टेबल्स, चार्ट्स, डाटा और स्टेटिस्टिकल एनालिसिस के बारे में सविस्तार बताया।

# विश्वास सारंग ने वार्ड 36 और 79 में किया जनसंपर्क

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

राजधानी भोपाल की नरेला विधानसभा से भाजपा उम्मीदवार विश्वास सारंग का जनसंपर्क 2.0 लगातार जारी है। मंगलवार को उन्होंने वार्ड क्रमांक 79 से अपने जनसंपर्क की शुरुआत की है। इस दौरान उन्हें अपार जनसमर्थन मिल रहा है। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक हर कोई उनके स्वागत में बाहर निकल कर उन्हें अपना समर्थन दे रहें हैं। इसके बाद शाम को वार्ड 36 में जनसंपर्क करेंगे।

दिन के पहले जनसंपर्क की शुरुआत विश्वास सारंग ने वार्ड 79 के शिव नगर पीपल चौराहे से की। इस दौरान रहवासियों ने उनका स्वागत करते हुए उन पर फूलों की वर्षा की। महिलाओं ने आरती उतार कर उन्हें तिलक लगाया। रहवासियों ने जगह-जगह पर उनका तुला दान भी किया और क्षेत्र में हुए विकास कार्यों के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। जनसंपर्क के दौरान सारंग सभी बुजुर्गों के पैर छू कर आशीर्वाद लिया। दिन का दूसरा



जनसंपर्क वार्ड क्रमांक 36 के शिवनगर हिनोतिया से शुरु हुआ, जो सांई मंदिर, 80 फिट मेन रोड़, पुष्पा नगर बी टाइप, पुष्पा नगर सी टाइप, कम्मू का बाग (गुप्ता की दुकान), मस्जिद से बाहर, नवबहार, साजन भाई, राजेश चतुर्वेदी, एमपीईबी कॉलोनी, गरम गड्ढा, सराय, सिकंदरी सराय, कच्ची सराय, बजरिया, अरविंद नेमा जी होटल, हनुमान मंदिर स्टेशन पर पावर हाउस रोड़ होते हुए दीपू भाई की दुकान पर समाप्त हुआ।

# नगर निगम व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों ने किया निरीक्षण कर कचरा न जलाने की दी समझाइश

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

नगर निगम द्वारा शहर की साफ-सफाई व प्रदूषण नियंत्रण हेतु निरंतर कार्य किए जा रहे है। इसी तारतम्य में मंगलवार को नगर निगम एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों ने पर्यावरण परिसर के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया और स्थानीय रहवासियों को समझाइश भी दी की कचरा आदि न जलाएं और दूसरों को भी न जलाने दें। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त श्री विनीत तिवारी, उपायुक्त श्री योगेन्द्र सिंह पटेल सहित नगर निगम व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी मौजूद थे।



शहर में एयर क्वालिटी इण्डेक्स संतुलित रखने व आमजन को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने हेतु नगर निगम एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारियों ने पर्यावरण परिसर के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि स्थानीय रहवासियों द्वारा कचरा एवं लकड़ी आदि जलाई जा रही है जिसके कारण वायु प्रदूषित हो रही है और स्वच्छ वातावरण भी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। निगम अधिकारियों व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों ने स्थानीय रहवासियों व पर्यावरण परिसर के कर्मचारियों को समझाइश दी कि वह परिसर में इधर-उधर कचरा न फैंके तथा कचरा आदि न जलाएं। रहवासियों को भी यह भी समझाइश दी कि वह अन्य लोगों को भी कचरा आदि जलाने से रोके और शहर की स्वच्छता एवं प्रदूषण नियंत्रण में सहायोग करें।

# मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने सागर और रायसेन में किया रोड शो

## भाजपा प्रत्याशियों के लिए 8 विधानसभाओं में की चुनावी जनसभाएं




सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के मद्देनज़र मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के प्रदेश भर में चुनावी दौरों का सिलसिला जारी है। मंगलवार को भी सीएम शिवराज ने 8 विधानसभाओं में जनता जनार्दन से संवाद किया और भाजपा के पक्ष में अपने मत का प्रयोग करने की अपील की। उन्होंने भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में तेंदूखेड़ा, गोटेगांव, अमरवाड़ा, नरयावली, सिलवानी और सांची में विशाल जनसभाओं को संबोधित किया। साथ ही सागर और रायसेन में देर रात तक रोड शो कर जनता से विजयी आशीर्वाद मांगा। सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रियंका और राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि, दोनों भाई-बहन लगातार झूठ बोल रहे हैं और इस कदर झूठ बोल रहे हैं कि, कांग्रेस शासित प्रदेशों की नाकामियां और घपले-घोटाले दूसरे राज्यों की सरकारों पर मढ देते हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, प्रियंका गांधी जी मैं आपसे फिर एक सवाल पूछना चाहता हूं आपके नेता कभी कर्मचारी, अधिकारी को धमकाते हैं, कभी बहनों को धमकाते हैं, कहते हैं घर में चूल्हा नहीं जलने देंगे। क्या आप बच्चों को भूखा मार देंगे..? ये धमकी जो कांग्रेस दे रही है क्या वो मैडम सोनिया गांधी के इशारे पर दे रही है..? जवाब तो देना पड़ेगा प्रियंका जी। आपके नेता बहनों से कहते हैं कि, लाड़ली बहना का पैसा नहीं मिलेगा। आपकी सरकार ने ही तो योजनाओं का पैसा बंद करने का पाप किया था। बैगा, भारिया, सहरिया बहनों के खाते में 1000 रूपए जाते थे, आपकी सरकार आते ही आपने बंद कर दिए।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि ये गांधी परिवार किस मुंह से भ्रष्टाचार की बात करता है। 2जी घोटाला, 3जी घोटाला, 4जी घोटाला, जीजा जी घोटाला किसने किया, क्या दुनिया नहीं जानती..? जो लोग जमानत पर चल रहे हैं, वह भ्रष्टाचार के आरोप किस मुंह से लगा रहे हैं। जहां-जहां कांग्रेस की सरकारें है वो भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। छत्तीसगढ़ में सट्टेबाज, वहां की कांग्रेस सरकार के खिलाफ नाम लेकर आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा प्रियंका जी महिला अपराध में कांग्रेस शासित प्रदेश सबसे आगे हैं वहीं महिलाओं के साथ दुष्कर्म ज्यादा होते हैं और आप मध्यप्रदेश का नाम मढ़ देती हो। उन्होंने कहा कि, प्रियंका जी क्या आप भूल गईं कि, जब एमपी में 15 महीने का शासन कांग्रेस का था तब कितने घपले, घोटाले और भ्रष्टाचार हुए..? क्या आप भूल गईं, जब दिग्विजय सिंह मुख्यमंत्री थे तब बंटाढार मुख्यमंत्री ने पूरे प्रदेश को तबाह और बर्बाद कर दिया था। केवल भ्रष्टाचार ही नहीं, आप तो इतना झूठ बोलती हैं कि, झूठ बोलने के लिए बार-बार याद करना पड़ता है। कई बार झूठ बोलकर भी भूल जाती है। सच तो सच होता है उसे याद नहीं करना पड़ता है। प्रियंका जी आपको एमएसपी कितनी देंगे, कितनी बढ़ाएंगे ये भी याद नहीं रहता। कभी कागज पढ़ती हो, कभी भूल जाती हो आपको तो रटना पड़ता है, तब आप दिखा पाती है और बता पाती है।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि, ये कांग्रेसी बड़े ही मायावी है, इनके जाल में मत फंसना। उन्होंने एक कहानी सुनाते हुए कहा कि, एक जंगल में एक शिकारी रोज आकर दाना डालता था, जाल बिछाता था और पक्षियों को पकड़ कर ले जाता था। ये कांग्रेसी भी आएंगे, प्रलोभन देंगे, जाल बिछाएंगे लेकिन इनके जाल में मत फंसना। सवा साल में कांग्रेस की सरकार ने प्रदेश को बर्बाद कर दिया था। सभी जनकल्याणकारी योजनाओं पर ताला जाल दिया था। संबल योजना, तीर्थ दर्शन योजना, गरीब आदिवासी बहनों के पैसे और यहां तक की मेधावी बच्चों के लैपटॉप तक बंद दिए थे।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने इंडी गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि, कांग्रेस का जिनसे गठबंधन हुआ है वह समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश जी कहते हैं कि, काँग्रेस बहुत ही चालू पार्टी है। कांग्रेस ने हमें धोखा दिया यह दगाबाज पार्टी है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि, कांग्रेस जनकल्याणकारी योजना बंद करने वाली पार्टी है और अब तो कांग्रेस कपड़ा फाड़ पार्टी हो गई है।

# छिंदवाड़ा जिले में प्रहलाद पटेल ने किया सघन जनसंपर्क



**छिंदवाड़ा।** अपने शुरुआती राजनीतिक जीवन से पदयात्राओं के लिए विख्यात केंद्रीय मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल आज छिंदवाड़ा में अपने पुराने रूप में दिखे। केंद्रीय मंत्री श्री पटेल ने छिंदवाड़ा विधानसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी श्री बंटी शाहू के समर्थन में नागद्वारी चौक से पदयात्रा शुरू की जो वार्ड नंबर 20 पर समाप्त हुई। पदयात्रा के दौरान श्री पटेल के साथ हजारों लोग सम्मिलित हुये और अपार जनसमर्थन मिला। पदयात्रा के दौरान श्री प्रहलाद पटेल को घर से निकलकर माताओं-बहनों ने आशीर्वाद दिया। वहीं बुजुर्गों ने भी स्नेह का हाथ श्री पटेल के सिर पर रखा। कुछ बुजुर्ग ऐसे भी मिले, जिन्होंने श्री पटेल को रोककर बात की। बुजुर्गों ने आश्वस्त किया कि इस बार पूरे छिंदवाड़ा जिले में भाजपा का परचम लहरायेगा और बड़े अंतर से भाजपा प्रत्याशियों की जीत होगी। पदयात्रा में युवाओं का जोश देखने लायक था। पटेल जहां से गुजरे बड़ी संख्या में युवाओं की तादात उनके साथ जुड़ती चली गई। केंद्रीय मंत्री श्री पटेल ने जगह-जगह लोगों से जनसंपर्क किया और भाजपा प्रत्याशी श्री बंटी साहू को जिताने की अपील की है। युवाओं ने प्रहलाद पटैल के साथ सेल्फी ली और श्री पटेल ने उन्हें गले लगाया। युवाओं से चर्चा करते हुए केंद्रीय मंत्री श्री पटेल ने कहा भाजपा सरकार युवाओं के लिए नित-नई योजनाएं ला रही है, जिससे भारत का युवा न केवल समृद्ध होगा,बल्कि दुनिया में उसे सम्मान भी मिलेगा। युवाओं ने भी श्री पटैल से कहा कि इस बार भाजपा ही बेहतर विकल्प है।

केन्द्रीय मंत्री श्री प्रहलाद पटेल ने पदयात्रा के पूर्व छिंदवाड़ा जिले की जुन्नारदेव स्थित भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि वे पार्टी के मुख्य सूत्रधार हैं और उन्हें अपनी भूमिका समझकर उसे अच्छी तरह से निभाना चाहिए। प्रत्याशी का चयन नि:संदेह पार्टी करती है, लेकिन उसे जिताने का महत्वपूर्ण कार्य कार्यकर्ताओं के कंधों पर ही है। सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी को सर्वोच्च मानकर काम करना होगा। उन्होंने याद दिलाया कि भाजपा में व्यक्ति नगण्य है और संगठन सर्वोच्च इसलिए सब कुछ भूलकर पार्टी और प्रत्याशी की जीत के लिए प्रतिबद्ध होना होगा। केंद्रीय मंत्री पटेल ने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे बूथ पर फोकस करें। जिसके पास जिस बूथ की जिम्मेदारी है, वो वहां प्राण-प्रण से लग जाए। कार्यकर्ता के पास इतनी शक्ति होती है कि वो मतदान के पहले भी बता सकता है किस बूथ पर कितनी वोटें पड़ेंगी और भाजपा को कितनी वोटें मिलेंगी। श्री पटेल ने कहा कि हमें उन बूथों पर ज्यादा मेहनत करनी चाहिए।

# हमारा संकल्प मजबूत है, चुनाव में निश्चित ही कमल खिलेगा: यादव

### प्रदेश चुनाव प्रभारी ने भोपाल उत्तर विधानसभा के पन्ना प्रभारियों के सम्मेलन में पार्टी कार्यकर्ताओं में भरा चुनावी जोश




सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

हमारा संकल्प मजबूत है, निश्चित ही भोपाल उत्तर विधानसभा में इस बार कमल खिलेगा। कार्यकर्ताओं की मेहनत उनका समर्पण बूथ स्तर पर दिख रहा है। हमारा संकल्प मजबूत है। आप सब कार्यकर्ता मिलकर हर एक बूथ पर मजबूती के साथ जुट जाएं। इस बार भोपाल उत्तर विधानसभा में प्रचंड बहुमत से कमल खिलाएं और भाजपा की सरकार प्रदेश में बनाएं। यह बात मंगलवार को मानस उद्यान गुफा मंदिर में आयोजित भोपाल उत्तर विधानसभा के पन्ना प्रमुख कार्यकर्ता सम्मेलन में संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री एवं मध्यप्रदेश चुनाव प्रभारी श्री भूपेंद्र सिंह यादव ने मुख्य अतिथि के रूप में कही। सम्मेलन में करीब डेढ़ हजार कार्यकर्ता शामिल हुए। सम्मेलन को उत्तरप्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री बृजेश पाठक ने भी संबोधित किया।

सम्मेलन में संबोधित करते हुए श्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने महिलाओं की चिंता करते हुए ऐसी योजनाएं बनाई हैं, जिनसे महिलाएं सशक्त बनें, आत्मनिर्भर बनें। मप्र में लाड़ली बहना योजना इसका उदाहरण है। बिना किसी भेदभाव के सवा करोड़ से ज्यादा महिलाओं के खाते में पैसा पहुंच रहा है। आज भाजपा की सरकार व्यापारियों के हित, कर्मचारियों के हित, महिलाओं के हित, किसानों के हित, युवाओं के हितों को पूरा कर रही है। यादव ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि प्रत्येक बूथ की जिम्मेदारी हमारी है। हमें अपने मजबूत संकल्प के साथ मतदान तक पूरे समर्पण भाव से जुटे रहना है। यदि हम ऐसा कर पाए तो निश्चित ही हम प्रचंड बहुमत से यह सीट जीतेंगे।

भूपेंद्र यादव ने कहा कि पार्टी प्रत्याशी श्री आलोक शर्मा ने बचपन से ही संगठन का काम किया है। वे भाजपा संगठन के मजबूत कार्यकर्ता हैं, उन्होंने वार्ड स्तर पर दरी उठाने से लेकर शहर के प्रथम नागरिक तक की जिम्मेदारी निभाई है। महापौर रहते हुए उन्होंने विकास के ऐतिहासिक काम किए हैं। उनके इन्हीं विजनरी कामों को ध्यान में रखकर पार्टी ने उन्हें उत्तर सीट से प्रत्याशी बनाया है।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उत्तरप्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री बृजेश पाठक ने कहा कि यहां पर कार्यकर्ताओं में जोश दिख रहा है। पिछले 30 सालों से उत्तर विधानसभा में कांग्रेस का विधायक है और उसकी निष्क्रियता का हमें लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस विधायक के प्रति जनता में रोष है। यही वजह है कि उत्तर विधानसभा की जनता का भरपूर समर्थन भाजपा को मिल रहा है।

प्रत्याशी आलोक शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि हमारी तैयारी मंडल स्तर, वार्ड स्तर और बूथ स्तर तक कमल खिलाने की है। हर सदस्य टीम के रूप में काम कर रहा है। जिला अध्यक्ष श्री सुमित पचौरी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रत्याशी श्री आलोक शर्मा संगठन के मजबूत सिपाही हैं। उन्हें पता है कि संगठन की टीम कैसे काम करती है।

# युवा वर्ग को साथ लेकर बदलूंगा सुरखी का इतिहास : गोविंद सिंह राजपूत

### सुरखी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी ने किया कई गांवों में जनसंपर्क

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



इतनी बड़ी संख्या में सुरखी विधानसभा क्षेत्र का युवा वर्ग देखकर मुझे बहुत प्रसन्नता हो रही है। युवा वर्ग जिसके साथ हो जाता है, वह इतिहास रच देता है। सुरखी में इतिहास बनाने के लिए अब आप मेरा एक काम और करें , जब आप यहां से घर जाएंगे तो अपने माता पिता, दादा, दादी, भाई, बहन और रिश्तेदारों से मेरी ओर से प्रणाम कहना । इससे उस घर के बुजुर्ग माता,पिता भाई बहन का आशीर्वाद मुझे मिलेगा। इस आशीर्वाद से मेरी ताकत और बढ़ जाएगी सुरखी विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य करने की। यह बात सुरखी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी गोविंद सिंह राजपूत ने कही। धुआंधार जनसंपर्क की कड़ी में भाजपा प्रत्याशी गोविंद सिंह राजपूत ने मंगलवार,को ग्राम बहादुरपुर से जनसंपर्क का आगाज़ किया। उन्होंने यहां माताओं, बहनों बुजुर्गो का आशीर्वाद और युवाओं का साथ लेकर भाजपा को वोट देने की अपील की।

भाजपा उम्मीदवार गोविंद सिंह राजपूत अपने समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्र के गांव-गांव में पंहुच बना कर जनता और मतदाताओ से सीधे जुड़ गए हैं।

इसके बाद उन्होंने ग्राम डाबरी, खरीगुमारिया, पिपरियाखास, ऐरनमिर्जापुर, किशनपुर, रूसल्ला, कठोदा और ग्राम लचक्याई में पहुंचकर जनसंपर्क किया। भाजपा उम्मीदवार गोविंद सिंह राजपूत को जनसंपर्क में जनता और युवाओं का जबरजस्त प्रेम और विश्वास मिल रहा है। युवाओं की टोलियां उत्साह के साथ लगातार साथ कई किलोमीटर तक पैदल चलकर लोगों का दिल जीत रहे हैं। उक्त गावों में छोटी छोटी सभाओं में भाजपा प्रत्याशी गोविंद सिंह ने कहा कि मंत्री बनने के बाद मुझे काम करने के लिए कम समय मिला बावजूद इसके मैने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान व केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के आशीर्वाद से 15 महीने में ही समूची सुरखी विधानसभा क्षेत्र के गांव-गांव में विकास कार्य शुरू कराए। क्षेत्र में करोड़ो के विकास कार्य पूर्ण हो गए हैं और कुछ चल रहे हैं। गावों में अब पीने के पानी की समस्या नहीं रही। नल जल योजनाओ से पानी घर घर पहुंच रहा हैद्य अधिकांश गांव पक्की सड़क के माध्यम से मुख्य सड़क से जुड़ गए हैं। अब लोगो को कच्ची सड़क और गड्ढों से मुक्ति मिल गई है।

# महायज्ञ है मतदान, अवश्य करें यह पुनीत कर्म



महायज्ञ है मतदान, अवश्य करें यह पुनीत कर्म। मित्रो , स्वजनो , परिजनो हम पूजा - पाठ व यज्ञ तो वर्ष भर अनेक त्यौहार व शुभ अवसरो पर करते हैं । लेकिन क्या श्रेष्ठ राष्ट्र निर्माण के लिये 5 वर्ष मे होने वाले महायज्ञ मे अपना मत (वोट) देकर हम व हमारा परिवार आहुति दे रहा है ? वर्तमान मे यह प्रश्न बहुत अहम् है । हम अपने बच्चो के भविष्य निर्माण के लिये तो पूरे प्रयास करते हैं कि वे 80 - 90 प्रतिशत से अधिक नंबर से पास होवें। लेकिन क्या उसी प्रकार पूर्ण निष्ठा से यह प्रयत्न भी करते हैं कि हमारे समाज, क्षेत्र , विधान सभा के उम्मीदवार का चयन भी शत प्रतिशत नंबरो (वोटो) से किया जावें । प्रदेश के विधान सभा चुनाव मे अपने सभी परिचितो को प्रेरित करने का यह निशुल्क कार्य हम आसानी से कर श्रेष्ठ लोकतंत्र के गठन मे सहायक हो सकते हैं एक विशेष बात जरूर ध्यान रखे आज हमारे अधिकांश योग्य बच्चे रोजगार के लिये अपने शहरो से बाहर हैं व मतदान नही कर पाते हैं । सौभाग्य से दीपावली का महान पर्व होने से सभी बच्चे अपने घर मे रहेगे उन्है हर हाल मे 17 नवम्बर ( मतदान दिवस) तक रोकने व वोट करने का भी कार्य हम सभी अवश्य कर उन्है भी इस महायज्ञ का भागीदार बनाये । जय हिन्द- जय भारत!

**डा.शैलेन्द्र व्यास**
**समाजसेवी व प्रदेश अध्यक्ष ब्राह्मण सभा मप्र।**

# स्पिक मैके ने किया निज़ामी सुल्तान ब्रदर्स की क़व्वाली का आयोजन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल





क़व्वाली की सम्मोहक लय और धुनें ईश्वर, प्रेम और संगीत को एक रूप में बांधती हैं। वास्तव में यह दक्षिण एशिया में सूफ़ी परम्परा की भौतिक और संगीतमय आध्यात्मिक अभिव्यक्ति है। क़व्वाली दरअसल सूफ़ियों का भजन-कीर्तन है। क़व्वाली का उद्देश्य अपने श्रोताओं के आध्यात्मिक आनन्द की अलौकिक अनुभूति पैदा करना है। ये बात निज़ामी सुल्तान ब्रदर्स की प्रस्तुति में कही गई। स्पिक मैके भोपाल चैप्टर द्वारा आयोजित निज़ामुद्दीन दरगाह, दिल्ली के अज़ीम क़व्वाल निज़ामी सुल्तान जी ब्रदर्स की क़व्वाली का आयोजन शासकीय मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल, टी टी नगर और पीपुल्स यूनिवर्सिटी, भानपुर में किया गया।

क़व्वाल बन्धु आज़म निज़ामी और नाज़िम निज़ामी ने सबसे पहले अल्ला हू से शुरुआत की। उसके बाद अलग-अलग कलाम पेश किए। निज़ामी भाइयों ने विद्यार्थियों से बात करते हुए कहा कि सूफ़ी परमात्मा को अपना मेहबूब मानते हैं। निराकार ईश्वर ही सूफ़ियों का सबसे ख़ास माशूक़ और विश्वासपात्र है जिसकी मोहब्बत में वे हर वक़्त बेचैन रहते हैं। उन्होंने बताया कि सांसारिक प्रेम को वो अपने प्रेमी यानी परमात्मा तक पहुँचने का माध्यम मानते हैं। सूफ़ी दर्शन को आसानी से बयां करता शेर है-

**खुसरो दरिया प्रेम का, उल्टी वा की धार**
**जो उतरा सो डूब गया, जो डूबा सो पार**

उसके बाद छात्रों की माँग पर उन्होंने भर दो झोली, छाप तिलक सब छीनी, दमादम मस्त कलंदर आदि सुनाए जिन पर छात्रों ने बहुत आनन्द लिया। पीपुल्स यूनिवर्सिटी में दमादम मस्त कलन्दर और मेरे रश्के क़मर पर विद्यार्थी और फ़ैकल्टी दोनों जम कर नाचे। पीपुल्स यूनिवर्सिटी में कार्यक्रम का समापन उन्होंने हज़रत अमीर ख़ुसरो के कालजयी कलाम %आज रंग है ए माँ रंग है री% से किया। आज़म निज़ामी ने बताया कि निज़ामियों में ये नियम है कि इस कलाम को बहुत सम्मान और समर्पण से गया जाता है और इसकी बाद कोई और क़व्वाली नहीं गाई जाती। आज रंग गाने के लिए दोनों भाइयों ने सम्मान स्वरूप टोपी भी पहनी।

कार्यक्रम में मॉडल स्कूल की आर्चरी रेखा शर्मा, उप प्राचार्य आर. के. श्रीवास्तव, पीपुल्स यूनिवर्सिटी के वाईस चांसलर हरीश राव, रजिस्ट्रार नीरजा मलिक, स्पिक मैके के पदाधिकारी सहित संकाय सदस्य और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

स म्पा द की य

## ...और मतदाता चुप है



शाम की रौनक दीवालीमय हो रही है, तो रात में घुलती ठंडक मौसम परिवर्तन पर मुहर लगा रही है। एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह समेत तमाम भाजपा नेता तूफानी दौरे और सभाएं कर रहे हैं, तो दूसरी ओर प्रियंका गांधी, राहुल गांधी, खड़गे, अखिलेश यादव जैसे नेताओं की सभाओं और रैलियों का दौर चल रहा है। कहीं भारी भीड़ जुट रही है, तो कहीं औपचारिकता भी निभाई जा रही है। बयानों की जंग तो वैसे भी अब स्तरीय नहीं बची, चुनाव में और भी पातालीय होती जा रही है। परंतु मतदाता खामोशी ओढ़ कर बैठा हुआ है।

तेलंगाना और मिजोरम तो पूर्वोत्तर और दक्षिण में हैं, मध्य वाले तीन राज्यों यानी मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के चुनाव भी इस बार कुछ भी कह नहीं रहे हैं। बड़े- बड़े नेताओं की रोज़ सभाएं, रैलियाँ हो रही हैं। एक- दूसरे पर जघन्यतम आरोप भी लगाए जा रहे हैं, लेकिन आम मतदाताओं में कोई उत्साह दिखाई नहीं दे रहा है। सर्वेक्षणों में मतदाता की जुबान खुलवाने के प्रयास जरूर किए जाते रहे हैं, लेकिन आम तौर पर कुल मिलाकर मतदाता मौन है। और ऐसा पहली बार नहीं हो रहा है।

यह मौन इसलिए नहीं कि वह किसी से नाराज है या इस पूरी चुनाव प्रक्रिया में ही वह कुछ देखना- समझना नहीं चाहता। मौन इसलिए है कि बार- बार के इन चुनावों और इन रैली- सभाओं, फ़िज़ूल के आरोप- प्रत्यारोपों से वह शायद ऊब चुका है। उसकी कोई बहुत ज्यादा नहीं रह गयी है। रुचि भी केवल इसलिए ख़त्म नहीं होती जा रही है कि उसका चुनाव जैसी प्रक्रिया से भी मन ऊब चुका है बल्कि इसलिए भी कि सरकार किसी भी दल की रहे, वह काम एक जैसा ही करती है। और नेता भी एक तरह से मौसेरे भाई ही हैं, ऐसा ही व्यवहार भी करते दिखते हैं।

दरअसल, आम मतदाता अब इस मोड में आ चुका है कि कोउ नृप होय, हमें का हानि। सरकारें आजकल भले ही अलग दल की हों, लेकिन उनका स्वभाव एक जैसा ही होता है। वही झूठे वायदे, हवाई घोषणाएं और इनके लिए फण्ड जुटाने की ख़ातिर पिछले दरवाज़े से जनता पर हिडन टैक्स लादना। मतदाताओं को लालच की ओर धकेलते जाना और सरकारों को बेइंतिहा कर्ज में डुबोते जाना। आख़िर किसी सरकार के रहने या किसी के चले जाने से अब आम आदमी को कोई फ़र्क़ नहीं पड़ता। कहीं कोई सिद्धांत नहीं। कोई विचारधारा नहीं। सत्ता के लिए जो कुछ बने, करने को तैयार। कुर्सी की खातिर हर सिद्धांत तोड़ने की ललक।

यह स्थिति लोकतंत्र के लिए बड़ी ख़तरनाक है। और इसे पैदा किया है हमारे राजनीतिक दलों ने। वे चेहरा भर बदलते हैं। कर्म, कर्तव्य के मामले में उनमें कोई फ़र्क़ नज़र नहीं आता। अगर आम लोग चाहें भी तो अपनी रुचि के थैले को आख़िर कब तक संभालकर रखें? देखा जाए तो इन तीन राज्यों में से छत्तीसगढ़ में बहुत हद तक स्थिति साफ़ नज़र आ रही है। क्योंकि वहाँ एक दल ने पूरे पाँच साल तक अपना वर्चस्व बनाए रखा और दूसरा दल पूरे पाँच साल सोया रहा। केवल चुनाव के वक्त जागने से कुछ नहीं होने वाला, इसलिए यह दल अच्छी तरह जानता है कि चुनाव का परिणाम क्या आने वाला है। फिर भी आरोपों की झड़ी लगाई हुई है और कोई भी कम से कम इस मोर्चे पर पीछे नहीं रहना चाहता।

जहां तक राजस्थान का सवाल है, यहाँ मामला इस बार पूरी तरह कन्फ्यूजिंग है। कहने को वहां परंपरा जैसी रही है कि एक बार इनकी सरकार, तो दूसरी बार उनकी। इनकी सरकार में आपसी विवाद में सालों निकाल दिए तो विपक्ष में बैठे लोग भी आपस में कम नहीं लड़ते दिखे। और हाईकमान लगातार शतरंज का खेल खेलता रहा। प्यादों को लड़ाकर अपनी साख जमाने की कोशिशों का ही शायद नतीजा है कि आज राजनीति का स्तर भी लगातार गिरता ही चला जा रहा है।

और मध्यप्रदेश में तो इस समय ऐसा लग रहा है, मानो केवल इसी राज्य में चुनाव हो रहे हैं। मानो हर पार्टी मध्यप्रदेश पर कब्जा करने के लिए उतावली है। परंतु देखा जाए तो स्वयं सेवक संघ की इस प्रयोगशाला की जहां धज्जियां उड़ती दिख रही हैं, वहीं संगठन भी बिखरे-बिखरे हैं। पिछली सरकार गिरी थी, तो इस बार भी बगावत और असंतोष की आंधियां चल रही हैं। कम नहीं चल रहीं। कहीं सरकार के खिलाफ एंटी इन्कम्बेंसी की बात कही जा रही है तो कहीं लोग सरकार बन ही गई, ऐसा अति आत्मविश्वास पाल चुके हैं।

और मुद्दों की बात करें, तो एक पार्टी धार्मिक अलख फिर से जगाने पर आमादा हो रही है, दूसरी पार्टी आरोपों के सहारे ही ज्यादा दिख रही है। कुछ मुद्दे उठाने की कोशिश भी की जा रही है, तो चुनावी शोर में दबती दिख रही है। ट्विटर यानि एक्स और पत्रकारवार्ताओं के माध्यम से हो रहे हमले बहुत कमजोर पड़ते दिख रहे हैं। मैदान में किसी की भी गूंज नहीं है। मतदाता चुप, पर सर्वे रिपोर्टों में हर तीसरे दिन हालात बदलते दिखाए गए। अब तो वो भी बंद कर दिए गए हैं, लेकिन जाते-जाते सर्वे कंपनियां अपना व्यावसायिक धर्म भी निभा गईं। अब मतदान का दौर शुरू हो चुका है। मध्यप्रदेश में हलकी ठंडक के साथ दीपावली की रौनक में चुनावी शोर घुलने लगा है और लोकतंत्र की अलख जलाने के प्रयास भी चल रहे हैं। इस दिखावटी लोकतंत्र की परीक्षा में कौन पास होता है, कौन फेल..? इसके लिए तो अगले महीने की ही प्रतीक्षा करनी होगी।

## आईएएस-आईपीएस सहित कई अफसरों के
# राजनीति में आने के मंसूबे रहे अधूरे

मध्य प्रदेश में हर बार आईएएस-आईपीएस सहित अन्य अधिकारी विधानसभा चुनाव के मैदान में उतरते रहे हैं और कईयों ने सफलता भी पाई है लेकिन इस विधानसभा चुनाव 2023 के उम्मीदवारों में ये अफसर गायब है। एमपी में कई सरकारी नवाचारों के लिए अपनी अलग पहचान बनाने वाले शहडोल के कमिश्नर रहे आईएएस अफसर राजीव शर्मा और राज्य प्रशासनिक सेवा की अफसर निशा बांगरे ने तो सरकारी नौकरी से वीआरएस भी लिया लेकिन कई कारणों और प्रमुख राजनीतिक दल से टिकट नहीं मिलने से चुनाव मैदान में उतरने में उनके मंसूबे अधूरे रह गए।





राजीव शर्मा ने वीआरएस लिया और वे राजनीति में उतरकर अलग तरह से जनसेवा करना चाहते थे हालांकि वे किसी भी दल के पास नहीं गए, किसी की सदस्यता भी नही ली और नही किसी से टिकट प्राप्त करने के लिए चक्कर लगाए।

एमपी में डीजी स्तर के लोकप्रिय अधिकारी रहे पवन जैन राजस्थान से चुनावी मैदान में आना चाहते थे लेकिन उन्हें भी टिकट नहीं मिला। छ्त्र स्तर के अन्य अफसर पुरुषोत्तम शर्मा भी राजनीति में भाग्य आजमाना चाहते थे लेकिन सरकार ने उनका वीआरएस आवेदन ही मंजूर नहीं किया।



सपाक्स संगठन को खड़ा करने वाले रिटायर्ड आईएएस हीरालाल त्रिवेदी और वास्तविक भारत पार्टी का गठन करने वाले रिटायर्ड आईएएस वरद मूर्ति मिश्रा ने भी इस बार चुनाव मैदान में उनकी पार्टी से कई उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। दोनों अफसर को उम्मीद है कि उनकी पार्टियों के उम्मीदवार इस बार प्रमुख राजनीतिक दलों को शिकस्त देंगे।



शहडोल कमिश्नर पद से वीआरएस लेने वाले रिटायर्ड आईएएस राजीव शर्मा का कहना है कि चुनाव लड़कर जीतो और क्षेत्र के लोगों की कुछ मदद कर सको तभी राजनीति में आने का फायदा है। कई राजनीतिक दलों ने उन्हें चुनाव लड़ने का ऑफर दिया लेकिन वहां से जीतने पर भी क्षेत्र के लिए कुछ काम नहीं करवा पाता। इसलिए चुनाव मैदान में नहीं उतरा फिलहाल समाज सेवा ही लक्ष्य है। क्षेत्र की जनता के लिए उनके साथ जुड़कर काम करूंगा उसके बाद आगे जरूरत पड़ी तो भिंड से चुनाव भी लड़ने पर विचार किया जा सकता है।



आमला और छतरपुर में कार्यरत रही राज्य प्रशासनिक सेवा की अफसर निशा बांगरे ने कांग्रेस की टिकट पर आमला से चुनाव लड़ने के लिए वीआरएस भी लिया लेकिन राज्य सरकार ने इसमें अड़चन पैदा की और कांग्रेस ने राजेश मालवे को आमला से उम्मीदवार बना दिया। निशा ने समय पर वीआरएस के लिए न्याय यात्रा भी निकाली। पुलिस से धक्का मुक्की में उनके कपड़े भी फटे और अंततः वीआरएस मिला पर टिकट किसी और को दे दिया गया।

**50 को टिकट दिया मैदान में रह गए 12**

मध्य प्रदेश में सपाक्स संगठन को खड़ा करने वाले रिटायर्ड आईएएस अधिकारी हीरालाल त्रिवेदी ने इस बार सपाक्स से पूरे प्रदेश भर में 50 उम्मीदवारों को टिकट दिया था लेकिन नामांकन पत्र में निरस्त हो जाने और कुछ उम्मीदवारों के नामांकन वापस ले लिए जाने के कारण अब केवल 12 उम्मीदवार चुनाव मैदान में रह गए हैं। उन्हें शहडोल और मंडला में उम्मीदवारों की जीत का पूरा भरोसा है।

उनका कहना है कि इस बार कम उम्मीदवार हैं इसलिए उनकी जीत पर पूरी ताकत लगा दी है, जगह-जगह प्रचार कर रहे है। त्रिवेदी का कहना है कि हमारा संगठन इस बार हर हाथ को कम देने के वादे के साथ चुनाव मैदान में है । सहारा द्वारा हड़पे गए रुपए भी हम लोगों को वापस दिलाएंगे और जगह-जगह आईटीआई खोलकर युवाओं के कौशल को निखार कर उन्हें रोजगार देंगे।

**10 उम्मीदवार मैदान में सभी के जीतने की उम्मीद**

इधर वास्तविक भारत पार्टी खड़ी करने वाले रिटायर्ड आईएएस वरद मूर्ति मिश्रा का कहना है कि इस बार उनकी पार्टी ने 10 उम्मीदवारों को टिकट दिया है। सभी की स्थिति मजबूत है और सभी चुनाव जीतने वाले हैं।

**टिकट की उम्मीद में थामा पार्टी का दामन**



भोपाल संभाग आयुक्त रहे कविंद्र कियावत, चंबल के कमिश्नर रहे महेश अग्रवाल, रिटायर्ड आईएएस रघुवीर श्रीवास्तव,



एस एन चौहान, वेद प्रकाश और रविंद्र मिश्रा ने सेवानिवृत्ति के बाद भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता इस उम्मीद से ली कि पार्टी उन्हें कहीं से उम्मीदवार बनाएगी लेकिन उनकी उम्मीदें पूरी नहीं हो पाई।

कांग्रेस में रिटायर्ड आईएएस अजिता बाजपेई पांडे अपनी बेटी अपराजिता के लिए टिकट मांग रही थी लेकिन मांग पूरी नहीं हुई। पूर्व वरिष्ठ आईएएस डीएस राय भी कांग्रेस से टिकट प्राप्त करने की जुगाड़ में थे लेकिन सफल नहीं हो सके।

पार्टियों के घोषणा पत्र बनाने में जुटे रिटायर्ड आईएएस

रिटायर्ड आईएएस बीके बाथम और अजिता बाजपेई पांडे ने कांग्रेस का घोषणा पत्र तैयार किया है तो वहीं बीजेपी का घोषणा पत्र तैयार करने में कविंद्र कियावत, एस एन चौहान और एस एस उप्पल ने भागीदारी की है।

**पूर्व में भी सत्ता में भागीदारी कर चुके हैं आईएएस ऑफिसर**



भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1975 बैच के आईएएस भागीरथ प्रसाद सरकार में कई महत्वपूर्ण पद पर रहे और 2014 में भिंड संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ा और संसद में पहुंचे वहीं आईपीएस अफसर रुस्तम सिंह स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेकर भाजपा से जुड़े और चुनाव लड़ें तथा दो बार मंत्री भी रहे। भोपाल सांसद रहे सुशील चंद्र वर्मा भी नौकरशाह से सफल राजनेता बने थे।





पीएचई के प्रमुख अभियंता पद से रिटायर्ड हुए जीएस डामोर भाजपा से विधायक बने और वर्तमान में रतलाम झाबुआ से भाजपा सांसद है।

# सुसंगत राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति की ज़रूरत

**-राकेश दुबे**

यह एक सर्वमान्य तथ्य ही नहीं हक़ीक़त है, किसी देश के प्रमुख सैन्य सुधार एक सुसंगत राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति हो। भारत सरकार ने विदेश और पड़ौसी देशों के मंसूबो को देखते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति की तैयारी शुरू कर दी है।विभिन्न माध्यमों से आ रहे समाचारों के अनसर सर्वोच्च स्तर पर रणनीतिक योजना तैयार करने वाली सरकार की सबसे बड़ी संस्था राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय ने देश के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति तैयार करनी शुरू कर दी है।

बदलते रणनीतिक परिदृश्य को देखते हुए यह स्वागतयोग्य कदम है। रणनीतिक नीति दस्तावेज में देश के सुरक्षा लक्ष्यों का विस्तृत ब्योरा होता है तथा यह उन्हें हासिल करने के बारे में भी बताता है।किसी देश के प्रमुख सैन्य सुधार एक सुसंगत राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति से ही होने चाहिए। राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति के निर्माण की पहल सैन्य और रणनीतिक समुदाय में वर्षों की चर्चा के उपरांत हुई है। सन 1999 में करगिल समीक्षा समिति और 2001 में एक मंत्री समूह ने भी इस विषय में अनुशंसा की थी।

राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय के बारे में जानकारी है कि वह सावधानीपूर्वक चुने पथ का अनुसरण कर रहा है। वह केंद्रीय मंत्रालयों तथा विभागों से जानकारी जुटाकर रणनीति से संबंधित सामग्री तैयार कर रहा है जिसके बाद केंद्रीय मंत्रिमंडल से मंजूरी ली जाएगी। इस दस्तावेज को सार्वजनिक किए जाने का विचार भी व्यापक चर्चा को जन्म देगा।

वैसे भारत को तत्काल एक राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति की आवश्यकता है क्योंकि इस बीच ऐसे तकनीकी विकास हुए हैं जिन्होंने जंग के समकालीन मैदान को बदल दिया है।हाल ही में इजरायल पर हमास लड़ाकों के हमले, यूक्रेन के हाथों रूसी सेना को पहुंचा नुकसान और आर्मिनिया पर अजरबैजान के हमले उस नए खतरे को रेखांकित करते हैं जहां दूर से संचालित वाहन या हथियारबंद ड्रोनों की मदद से जमीनी सेनाओं को निशाना बनाया जा रहा है।

यह घटना भारतीय सेनाओं के लिए भी संभावित खतरा है जो हथियारबंद ड्रोन की जद में आ सकती हैं। ये ड्रोन भारतीय हवाई रक्षा नेटवर्क को आरंभिक क्षति पहुंचा सकते हैं। इससे शत्रु देश के दूर संचालित उपकरण हमारी अग्रिम रक्षा पंक्ति पर हमला करने तथा आरक्षित क्षेत्रों, सामरिक बुनियादी ढांचे, युद्धक्षेत्र के मुख्यालय और संचार केंद्र, लॉजिस्टिक्स इकाइयों मसलन गोला बारूद केंद्र आदि पर हमला करने में सक्षम होंगे।

पड़ौसी चीन और पाकिस्तान जैसे देश पांचवीं पीढ़ी के युद्ध की तैयारी कर रहे हैं, ऐसे में भारत के पास एक समग्र सुरक्षा रणनीति होनी चाहिए।न केवल उच्च तकनीक वाले क्षेत्रों मसलन आर्टिफिशल इंटेलिजेंस और क्वांटम कंप्यूटिंग के क्षेत्र में भारत पर चीन के दबदबे की आशंका है बल्कि पारंपरिक क्षेत्रों मसलन जमीनी हमलों का समर्थन करने के लिए पिनाका रॉकेट और ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल से लंबी दूरी की मार। इस बीच पाकिस्तान ने हत्फ मिसाइल तथा क्रूज मिसाइल हासिल या विकसित की हैं जो भारतीय ठिकानों पर परमाणु हमले कर सकती हैं।

सब जानते हैं अतीत में राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति के गठन की कोशिश राजनीतिक हिचक की वजह से पूरी नहीं हो सकी थी। रणनीतिक समुदाय में कई लोग मानते हैं कि ऐसा इसलिए हुआ कि सरकार आशंकित थी कि राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति का गठन उच्च रक्षा प्रबंधन की प्रत्यक्ष जवाबदेही को स्पष्ट कर देगा।

राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय को राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति के गठन को उच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। यह जिम्मेदारी चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ, सैन्य मामलों के विभाग और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन जैसे तकनीकी प्रतिष्ठानों पर नहीं डाली जानी चाहिए। भारत उन चुनिंदा बड़े देशों में से एक है जिनके यहां ऐसा राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति? नहीं है जिसे समय-समय पर अद्यतन किया जाता हो।

अमेरिका, रूस और उत्तर अटलांटिक संधि संगठन के अधिकांश देशों ने अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति प्रकाशित की हैं। चीन में भी एक औपचारिक नीति है जिसका नाम व्यापक राष्ट्रीय सुरक्षा है। पाकिस्तान ने राष्ट्रीय सुरक्षा नीति 2022-2026 तैयार की जो उसके राष्ट्रीय सुरक्षा लक्ष्यों और प्राथमिकताओं को स्पष्ट करती है। ऐसे में यह अहम है कि भारत जल्दी से जल्दी एक राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति तैयार करे।वह न केवल सामरिक चुनौतियों की व्यापक समझ विकसित करने में मदद करेगी बल्कि रक्षा तैयारी बढ़ाने के लिए जरूरी कदम उठाने में मदद करेगी। एक नियमित समीक्षा, बदलती सुरक्षा और तकनीकी बदलावों को लेकर अनुकूलन को सक्षम बनाने में सहायक होगी।

# सऊदी अरब की नई कूटनीति

**ब्रह्मदीप अलूने**

तेल के सबसे बड़े निर्यातक और इस्लाम धर्म के लिए सबसे पवित्र समझे जाने वाले सऊदी अरब में दुनिया की अर्थव्यवस्था, भू-राजनीति, ऊर्जा और सुरक्षा को प्रभावित करने की कई क्षमताएं मौजूद है। इस समय सऊदी अरब आर्थिक और रणनीतिक शक्ति संतुलन के बहुआयामी लक्ष्यों की ओर प्रेरित होकर भारत, अमेरिका, चीन, रूस, ईरान और इस्राइल के साथ नियंत्रण और संतुलन की कूटनीति पर निरंतर आगे बढ़ रहा है,इससे मध्यपूर्व की राजनीतिक स्थिति में गहरे बदलाव की संभावनाएं बढ़ गई है। इस्राइल के फिलिस्तीन पर कड़े रुख के बाद भी सऊदी अरब का कोई बड़ा कदम नहीं उठाना, उसकी नियन्त्रण और संतुलन की नई कूटनीति का परिचायक है।

सऊदी अरब ईरान पर दबाव बनाएं रखने के लिए इस्राइल को लेकर किसी ठोस और व्यापक नीति पर काम नहीं कर रहा है। सऊदी अरब,ईरान को लेकर रिश्तों में गर्माहट जरूर दिखा रहा है लेकिन वह इस्राइल को खारिज नहीं कर रहा है। अमेरिका से सामरिक लाभ लेने के लिए सऊदी अरब को इस्राइल का विश्वास जीतना जरूरी है। यूएई,बहरीन और क़तर जैसे देश में अमेरिकी सैन्य अड्डे मौजूद हैं। ईरान की यही मांग रही है कि उन्हें यहां से हटाया जाए। सऊदी अरब को डर है कि ईरान पर से पूरी तरह से दबाव हटाने का मतलब होगा उसे निर्विवाद रूप से इस्लामिक शक्ति बनाना और यह सऊदी अरब की महत्ता और इस्लामिक दुनिया में स्वीकार्यता के लिए आत्मघाती साबित हो सकता है।

सऊदी अरब के पास मुसलमानों के दो सबसे पवित्र स्थल मक्का और मदीना हैं। लिहाजा यह खुद को मुस्लिम दुनिया के नेता के रूप में देखता है। सऊदी अरब के लिए सबसे बड़ी चुनौती यह है कि उसे अपनी धार्मिक पहचान को बनाएं रखना है। ईरान,तुर्की,पाकिस्तान और सऊदी अरब ऐसे देश हैं जो पिछले कई दशकों से मुसलमानों के मुद्दों को लेकर आगे चलते हैं। उनके बीच अपनी धार्मिक पहचान की वजह से सऊदी अरब की रणनीतिक स्थिति अहम है,इसे बनाएं रखते हुए सऊदी अरब को वैश्विक स्तर पर छाप भी छोड़नी है।



इस्लामिक शक्तियों से संबंध मजबूत रखते हुए भी सऊदी अरब सतर्कता से आगे बढ़ रहा है। सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन-सलमान ने इस साल जनवरी में पाकिस्तान में निवेश 10 अरब डॉलर तक बढ़ाने को लेकर यह साफ कहा था कि वह अब किसी भी देश को वित्तीय मदद बिना शर्तों के नहीं करेगा। सऊदी अरब की नीति में यह बड़े बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। उसका कहना है कि आर्थिक मदद इस शर्त पर होगी कि अगला देश अपनी अर्थव्यवस्था दुरुस्त करने के लिए ठोस फ़ैसले ले। सऊदी अरब का यह रुख उन इस्लामिक देशों के लिए चेतावनी की तरह देखा गया जिन्हें सऊदी अरब खुले दिल से पहले मदद करता आया है।

नियंत्रण और संतुलन की नीति पर चलते हुए तथा नई विश्व व्यवस्था के नए मजबूत दावेदार की भूमिका में उभरने के लिए सऊदी अरब भारत और पाकिस्तान की बीच मध्यस्थता के लिए तैयार दिखता है,वहीं रूस और यूक्रेन के बीच भी वह बातचीत का माहौल तैयार कर रहा है। इसके लिए सऊदी अरब ने अपने देश में एक सम्मेलन आयोजित कर भारत, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका, चीन, रूस, अमेरिका जैसे देशों को आमंत्रित किया। इसमें रूस शामिल तो नहीं हुआ लेकिन उसनें इस पर नजरें होने की बात स्वीकार कर सऊदी अरब की कोशिशों को महत्व प्रदान कर दिया। क्राउन प्रिंस सलमान मध्यपूर्व में मौजूदा क्षेत्रीय गठजोड़ और अमेरिकी ब्लॉक से दूर जाने की कोशिश कर रहे हैं। सऊदी अरब की तेल निर्भरता ख़त्म करना भी उनके एजेंडे में सबसे ऊपर है। यहीं कारण है की ओआईसी,अरब लीग,यूनाइटेड नेशन जैसे मंचों को छोड़कर दूसरे मंचों से अक्सर दूर रहने वाला सऊदी अरब अब क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी भूमिका में दिखाई दे रहा है। उसे पता है कि नई वैश्विक व्यवस्था में रूस और चीन दो वैकल्पिक ताकत के तौर पर उभर रहे हैं।

सऊदी अरब के लिए खाद्य सुरक्षा बेहद ज़रूरी है क्योंकि वो यक्रेन और रूस से बड़ी मात्रा में अनाज मंगाता है। इसलिए रूस और यूक्रेन के बीच शांति कायम होती है तो खाद्य सुरक्षा के मोर्चे पर उसकी चिंता खत्म हो जाएगी। सऊदी अरब का दूसरा बड़ा हित उसके तेल कारोबार से जुड़ा है। रूस के साथ उसकी नज़दीकी उसके तेल कारोबार को और मज़बूती देगा। रूस के साथ खड़े होने से वह अमेरिकी तेल लॉबी भी चुनौती दे सकेगा। सउदी अरब अमेरिका को चुनौती देता हुआ नजर आ रहा है और इसे अमेरिका के राष्ट्रपति बाइडेन की कूटनीतिक विफलता भी माना जा सकता है। सऊदी पत्रकार जमाल ख़ाशोज्जी की हत्या में सऊदी क्राउन प्रिंस का नाम सामने आया तो बाइडन ने अपने चुनाव अभियान के दौरान क्राउन प्रिंस सलमान को सज़ा दिलाने की बात कह कर भावी राजनीति के कड़े संकेत दिए थे।

सऊदी अरब, अरब प्रायद्वीप के बड़े हिस्से को कवर करता है। पश्चिम एशिया और मध्य पूर्व के लिए इसकी रणनीतिक स्थिति बेहद महत्वपूर्ण है। सऊदी अरब एकमात्र ऐसा देश है जिसकी तटरेखा लाल सागर और फारस की खाड़ी दोनों के साथ है। रूस और चीन के साथ मिलकर सऊदी अरब एशिया में निर्णायक भूमिका में आ सकता है तथा उसकी कड़ी नीतियां अमेरिका और यूरोप का आर्थिक संकट बढ़ा सकती है। वहीं सऊदी अरब भारत का महत्वपूर्ण आर्थिक साझेदार अवश्य है लेकिन पाकिस्तान के प्रभाव से वह बच नहीं सका है। ईरान, चीन और सऊदी अरब की बढ़ती साझेदारी से भारत पर दबाव बढ़ सकता है और उसके सामरिक हितों को दीर्घकालीन चोट पहुंच सकती है। इसका प्रभाव हिन्द महासागर पर भी पड़ सकता है।

तेल पर से निर्भरता कम करने के लिए क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने एक महत्वाकांक्षी केन्द्रीकृत विकास योजना विजन 2030 प्रारम्भ की है। इसके माध्यम से सऊदी अरब ने देश में पर्यटन,आवास,रक्षा,व्यापार तथा निवेश जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केन्द्रित करना प्रारम्भ किया है जिससे आर्थिक राजस्व के स्त्रोतों का विविधीकरण किया जा सके। भारत इसमें भागीदार है। भारत तथा सऊदी अरब के मध्य द्विपक्षीय सम्बन्धों में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सुरक्षा,निवेश व्यापार के साथ-साथ शिक्षा तथा ऊर्जा के क्षेत्र में भागीदारियाँ बढ़ रही है। सऊदी अरब के साथ मजबूत संबंध न केवल भारत के हित में है बल्कि अमेरिका और इस्राइल का प्रभाव भी इस खाड़ी देश पर कायम रहना चाहिए। अंततः सामूहिक सुरक्षा की नीति पर चलना लोकतंत्र और वैश्विक सुरक्षा के लिए जरूरी है लेकिन सऊदी अरब, चीन, ईरान और रूस जैसे देश मिलकर संकट को बढ़ा रहे है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईटः dainiksandhyaprakash.in

# जाते जाते जीत का मंत्र दे गए मोदी



सिवनी- गत 5 नवम्बर को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिवनी जिला मुख्यालय के जगदंबा सिटी के समीप मैदान में आयोजित सिवनी, छिंदवाड़ा, बालाघाट विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं के लिए भाजपा के पक्ष में चुनाव प्रचार के दौरान विशाल आमसभा को संबोधित करने आए थे। उद्बोधन के पश्चात् अपने अगले पड़ाव रतलाम जाने के पहले जाते जाते श्री मोदी जी ने सिवनी विधानसभा के प्रभारी वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष अग्रवाल के कांधे पर हाथ रखकर विस्तार से चर्चा कर जीत का मंत्र दे गए।

# कांग्रेस प्रत्याशी सहित दंगल आयोजकों पर आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज

सिवनी- जिला प्रशासन द्वारा बरघाट विधानसभा प्रत्याशी अर्जुन सिंह काकोड़िया सहित तीन पर बरघाट थाना में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर एफआईआर दर्ज कराई है। श्री काकोड़िया द्वारा 31 अक्टूबर को मलारा गांव में दंगल के आयोजन के दौरान चुनाव बाद एक लाख रुपए देने की घोषणा की गई थी। प्रत्याशी श्री काकोड़िया सहित दंगल का आयोजन करने वाले मलारा निवासी अल्ताफ व कामता बिसेन पर भी आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950,1951 और 1989 की धारा 123, भारतीय दण्ड संहिता 1860 की धारा 188 व 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने नौगांव के फैसिलिटेशन सेंटर का निरीक्षण किया



छतरपुर,। भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिले में विधानसभा चुनाव कराये जा रहे है। चुनाव में मतदान दलों में जिन कर्मचारियों को तैनात किया गया उन्हें मतदान की सुविधा देने के लिए डाक मतपत्र जारी किये गये है। ऐसे कर्मचारियों डाक मतपत्र से मतदान कर सकेंगे, इसके लिए फैसिलिटेशन सेंटर बनाये गये है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी.आर. ने नौगांव तहसील में फैसिलिटेशन सेंटर का निरीक्षण किया और बनाये गये काउण्टर पर मतदान प्रक्रिया का अवलोकन किया। नौगांव में डाक मतपत्र की सुविधा के लिए लगभग बारह सौ कर्मचारियों द्वारा प्रपत्र-12 में डाक मतपत्र की सुविधा के लिए आवेदन किया था। मंगलवार को फैसिलिटेशन सेंटर में लगभग चार सौ कर्मचारियों द्वारा मतदान किया गया। इस अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक कृष्णुनेदु साधुखान, उप जिला निर्वाचन अधिकारी नमः शिवाय अरजरिया और रिटर्निंग अधिकारी विशा माधवानी एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी उपस्थित थे। इसी तरह अन्य विधानसभा क्षेत्रों में मतदान चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारियों द्वारा फैसिलिटेशन सेंटर में डाक मतपत्र से मतदान किया गया।

# धनतेरस के अवसर पर मतदाता जागरूकता रंगोली प्रतियोगिता आयोजित

**सीहोर।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत धनतेरस के अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता को आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ 10 प्रतिभागियो को कलेक्टर प्रवीण द्वारा पुरूस्कृत किया जाएगा।

इस रंगोली प्रतियोगिता के संबंध में सहायक कलेक्टर श्री अर्पित गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि धनतेरस 10 नवंबर से दीवाली 12 नवंबर तक यह प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को मतदाता जागरूकता पर आधारित रंगोली बनाकर सेल्फी के साथ पोस्ट करना होगा। प्रतिभागी अपनी प्रविष्टियां 7974261426 पर भेज सकते है। चुने गए 10 प्रतिभागियों को कलेक्टर प्रवीण सिंह द्वारा पुरूस्कृत किया जाएगा।

# मानव श्रृंखला बनाकर मतदाता जागरूकता का दिया संदेश

**सीहोर।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिलेभर में स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह एवं जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी के निर्देश पर जिलेभर में स्वीप गतिविधियों के तहत विभिन्न मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है और मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्रीन फील्ड हायर सेकेण्डरी स्कूल आष्टा में विद्यार्थियो ने मानव श्रृंखला बनाक मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। इस दौरान छात्र-छात्राओं एवं स्कूल स्टॉफ ने मतदाता जागरूकता की शपथ भी ली।

# 83 वर्षीय सुमित्रा देवी ने घर बैठे किया मतदान

सीहोर। विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान ऐसे मतदाता जिनकी आयु 80 वर्ष या उससे अधिक है, उन्हें तथा दिव्यांगजनों को घर बैठे अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने सराहनीय पहल की है। सीहोर नगर की चाणक्यपुरी निवासी 83 वर्षीय श्रीमती सुमित्रा देवी व्यास ने भी घर बैठे मतदान किया है। सुमित्रा देवी के परिजनों ने बताया कि मतदान के लिए घर पर बूथ तैयार किया गया और आयोग के निर्देशानुसार गोपनीय तरीके से मतदान संपन्न कराया गया। जहां सुमित्रा देवी ने सीलबंद लिफाफे को मतदान पेटी में डालकर मतदान किया। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वृद्धजनों और दिव्यांगजनों की मतदान केन्द्र पर आकर मतदान करने में आने वाली परेशानी को दृष्टिगत रखते हुए घर पर मतदान करने की सुविधा प्रदान की गई है। भारत निर्वाचन आयोग की इस सराहनीय पहल से 80 वर्ष या उससे अधिक उम्र के तथा दिव्यांग मतदाताओं को घर बैठे अपने मताधिकार का उपयोग करने की सुविधा मिली है।

# त्यौहारों के दृष्टिगत खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा सघन निरीक्षण

छतरपुर, ।कलेक्टर संदीप जी.आर. के निर्देश पर जिले में त्यौहारों के मद्देनजर खाद्य सामग्री की गुणवत्तापूर्ण उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा प्रशासन और नगरपालिका की टीम द्वारा मिठाई बनाने वाले प्रतिष्ठानों पर औचक निरीक्षण किया गया। संयुक्त कार्यवाही में खाद्य सामग्रियों का निरीक्षण कर नमूने लिये गये। दूषित खाद्य सामग्री के विनिष्टीकरण की कार्यवाही की गई।कलेक्टर के निर्देशन में मंगलवार को छतरपुर, बिजावर एवं बक्स्वाहा में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों और नगरपालिका परिषद की संयुक्त कार्यवाही में शहर की दुकानों में विक्रय की जाने वाली मिठाईयों एवं अन्य सामग्री का सघन निरीक्षण कर नमूने लिये गये। छतरपुर में छत्रसाल चौराहा स्थित कृष्णा गोटीराम स्वीट्स, सागर रोड स्थित अग्रवाल स्वीट्स, हरिओम ट्रेडर्स जवाहर रोड, जटाशंकर स्वीट्स बस स्टैण्ड, श्रीराम एंड संस बस स्टैण्ड से दूध, मावा बर्फी, मगज के लड्डू, कैडवरी सेलिब्रेसन, दूध बर्फी के नमूने लिये गये।

### भोजपुर विधानसभा में भाजपा - कांग्रेस की चुनौती बने ! साइलेंट मतदाता

# कांग्रेस का जन आक्रोश और बीजेपी की केंद्रीय योजनाएं बनेंगे चुनावी मुद्दा !

ओबेदुल्लागंज! संवाददाता (सुरेश केवट) रायसेन जिले के भोजपुर विधानसभा में इस बार चुनावी मुकाबला दिलचस्प हो गया है! भाजपा इस चुनाव में केंद्र की योजनाओं, स्टार प्रचारक, जन सभा, ग्रामीण जन संपर्क के माध्यम से वर्तमान भाजपा के उम्मीदवार सुरेंद्र पटवा को जिताने जनता को साध रही है। भारतीय जनता पार्टी का जन संपर्क एवं आम सभा का आयोजन सुल्तानपुर, मंडीदीप, ओबेदुल्लागंज के ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहा है इसके माध्यम से क्षेत्र के विकास एवं केंद्रीय योजना के लाभ गिना जनता को साधने का प्रयास कर रही है।

वहीं भोजपुर विधानसभा में कांग्रेस ने जहां ओबीसी एवं आदिवासी वोट बैंक को साधने पूर्व शिक्षा मंत्री राजकुमार पटेल प्रत्याशी है। लेकिन भोजपुर विधानसभा में कांग्रेस के वरिष्ठ नेतृत्व की कमी देखी जा रही है। उम्मीदवार स्वयं राजकुमार पटेल घर -घर पहुंचकर जन समर्थन जुटा रहे हैं! आम सभा में जन मुद्दों के आक्रोश को भुनाने में कांग्रेस कोई कमी नहीं छोड़ रही है। क्षेत्र में दोनों ही राष्ट्रीय पार्टी का जनसंपर्क एवं आम जन सभा के माध्यम से जनता के बीच जा रहें है। इस बार कांग्रेस का जन आक्रोश और बीजेपी की केंद्रीय योजनाएं बनेगी चुनावी मुद्दा !



## भोजपुर में भाजपा -कांग्रेस को चुनौती दे रहे निर्दलीय

इस बीच इन दोनों ही दलों को चुनौती देने निर्दलीय प्रत्याशी सीमा पोर्ते एवं गण सुरक्षा पार्टी के प्रत्याशी कमलेश उईके आदिवासी वोट बैंक में सेंध लगा रहे हैं! कमलेश उइके ग्रामीण जन संपर्क में जाकर जनता की मुलभुत सुविधाओं के आभाव को उजागर कर मतदाताओं को अपने पक्ष में करने प्रयास कर रहे हैं! आदिवासी बहुल क्षेत्र मूलभूत सुविधाओं से दूर है। क्षेत्र में इतने वर्षो में सड़क, नाली, रोजगार और शिक्षा के मुद्दों को लेकर जनता में आक्रोश है।

इस बार भोजपुर में 65 हजार से अधिक मतदाता आदिवासी समाज से आते हैं लेकिन उन्हें न मुलभुत सुविधाएं सही मिल रहीं है न की उन्हें विधानसभा में नेतृत्व मिल सका है! इसी बात को ध्यान में सीमा पोर्ते ने दोनों ही दलों पर निशाना साधते हुए बिनेका में बड़ी सभा का आयोजन किया एवं कई विकास के मुद्दों पर जन चर्चा की !

## जनहित के मुद्दों पर होगी जीत-हार ! साइलेंट मतदाता

भोजपुर विधानसभा में क्षेत्र की जनता में चर्चा खास हो रही है। जनता इस बार जनहित के मुद्दों पर करेगी मतदान। क्षेत्र में जनहित के मुद्दे सड़क, नाली, बिजली, रेल, रेड बस, रोजगार को मुख्य मुद्दों को लेकर लंबे समय से जनता मांग कर रही है। बिजली बिल, अस्थाई मीटर ट्रांसफार्मर (डीपी) को लेकर जनता नाखुश है। जनता का कहना है कि इस बार चुनाव जनहित के मुद्दों पर मतदान होगा। पार्टी कोई भी हो.. जो जनता की सुनेगा जनता उसकी सुनेगी। इस बार आश्वासन से काम नहीं चलेगा। मतदाताओं का कहना है कि जनता जागरूक है। हार जीत में जन हित का मुद्दा होगा भारी।

# सिवनी आए मोदी जी को वस्तु स्थिति से अवगत नहीं करा पाए भाजपाई: कांग्रेस

सिवनी- किस तरह भारतीय जनता पार्टी के जनप्रतिनिधियों ने सिवनी का लगातार पतन किया है उसकी बानगी प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के भाषण में सिवनी में देखने को मिली, उन्होंने सिवनी का नाम लेना भी उचित नहीं समझा। उन्होंने बार-बार सिर्फ लखनादौन का नाम लिया, ऐसा प्रतीत होता है कि जिला भाजपा संगठन ने मोदी जी को सिर्फ लखनादौन के लिए भाषण देने की स्क्रिप्ट लिख कर दिया, सिवनी की यह दुर्दशा लगातार 33 वर्ष रहें भाजपा के विधायक, 18 वर्षो का प्रदेश में भाजपा का शासन और लगातार 25 वर्षो से निर्वाचित भाजपा के सांसद ने किया है। मोदी जी ने अपने भाषणों में केन्द्र की योजनाओं को गिनाया है ये वह योजनाएं है जो कॉग्रेस सरकारों ने जिन्हें लम्बे समय से जारी रखा, भाजपा के सिवनी के सांसद, विधायको ने सिवनी के विकास के लिए ऐसा कोई काम नही किया, जिसे मोदी जी अपने भाषणों में गिना सकतें। मोदी जी कोरोना काल में लोगो के चूल्हे ना बूझने देने का वादा किया लेकिन अनेक परिवारों के चिरांग बूझ गये उस पर कुछ नही बोले। कॉग्रेस पार्टी पर परिवार वाद का आरोप लगाने वाले मोदी जी अमित शाह से पूछ लेते कि उनके बेटे ने कौन सी क्रिकेट खेली है कॉग्रेस परिवार के लोगो ने देश के लिए बलिदान दिया, उन्हें गोलियों से छलनी किया गया। आपकी तरह लोगो को देश का पैसा लेकर नही भगाया। मध्यप्रदेश के किसानों का कर्जा माफ नही हुआ यह झूठ बोलकर मोदी जी आपने अपने पद की गरिमा खोई है आपने चुनाव में जो वादे किये थे प्रत्येक व्यक्ति को 15 लाख रू. देंगे, प्रति वर्ष 2 करोड़ युवाओं को रोजगार देंगे, विदेशो से काला धन लायेंगे इन वादो का क्या हुआ। सिवनी आकर मोदी जी का आदिवासी प्रेम जाग गया है जबकि सबसे ज्यादा अत्याचार मध्यप्रदेश में आदिवासियों पर हो रहें है चाहे वह नेमावर की घटना हो आदिवासी परिवारों को जिंदा दफना दिया हो, भाजपा के सांसद प्रतिनिधि द्वारा आदिवासी भाई के उपर पेशाब की गई, सिवनी में भी 2 आदिवासियों की भाजपा के लोगो द्वारा पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। आज प्रदेश में, जिले में आदिवासी समाज के लोग उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद भी सरकारी नौकरी के लिए भटक रहें है वर्षो से आदिवासी समाज के शासकीय कर्मचारी प्रमोशन का इंतजार कर रहें है।

# ग्राम रुनाहा में बैरसिया विधानसभा की कांग्रेस प्रत्याशी जयश्री हरिकरण के चुनाव कार्यालय उद्घाटन

### कार्यालय के उद्घाटन के बाद कार्यकर्ताओं की बैठक

बैरसिया।। प्रदेश में 17 नबम्बर को विधान सभा चुनाव होने बाले है।इसको लेकर चुनाव प्रचार में सभी राजनैतिक दलों ने पूरी ताकत झोंक दी है। बैरसिया विधान सभा क्षेत्र में मुख्य मुकाबला भाजपा एवं कांग्रेस में देखने को मिल रहा है। सभी पार्टियां अपने अपने चुनाव कार्यालय खोल रही है।इसी कड़ी में मंगलवार को ग्राम रुनाहा में बैरसिया विधानसभा की कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती जयश्री हरिकरण के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन पूर्व सांसद सुरेन्द्र सिंह ठाकुर प्रदेश कांग्रेस महासचिव अवनीश भार्गव जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष अरुण श्रीवास्तव द्वारा फीता काट कर किया गया। ग्राम रुनाहा में चुनाव कार्यालय के उद्घाटन के बाद नजीरावाद में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति बनाई गई।और कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ ने बैरसिया विधान सभा की काँग्रेस प्रत्याशी श्रीमती जयश्री हरिकरण को जिताने का संकल्प लिया। इसके बाद नजीरावाद में जनसंपर्क कर मतदाताओं से कांग्रेस प्रत्याशी जयश्री हरिकरण के पक्ष में मतदान करने की अपील की गई।

इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व सांसद प्रदेश कांग्रेस महासचिव अवनीश भार्गव जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष अरुण श्रीवास्तव जिला प्रभारी मनोज कपूर जिला संगठन मंत्री सत्यनारायण यादव जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष लोकेश दांगी बैरसिया ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष मदन सिंह ठाकुर नजीराबाद ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष कमलेन्द्र सिंह सोलंकी लाला बना मंडलम सेक्टर अध्यक्ष सहित कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

## आप विष्णु की हैट्रिक बनाओ, खेलों के क्षेत्र में यहाँ का विकास मैं करुंगा: अनुराग

बैरसिया। युवा और ऊर्जावान विष्णु खत्री को तीसरी बार विधायक बना कर आप हैट्रिक बनाओ, मैं बैरसिया क्षेत्र को खेलों के क्षेत्र में इतना विकास करूंगा कि यहाँ के युवा खेलों में मैडल हाँसिल करेंगे । यह बात केंद्रीय सूचना, प्रसारण एवं खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को बैरसिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रुनाह में भाजपा प्रत्याशी विष्णु खत्री के पक्ष में आमजन को संबोधित करते हुए कही।उन्होंने कहा कि इस बार अधिक से अधिक संख्या में विष्णु खत्री को विजय बनाना है।।

# नरेन्द्र भाई के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने मप्र को बीमारू से बेमिसाल राज्य बनाया : भूपेंद्र पटेल

### रतलाम ग्रामीण के धामनोद मे आम सभा को किया संबोधित

रतलाम । भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी के नेतृत्व मे मध्यप्रदेश को बीमारू राज्य से बेमिसाल राज्य बना दिया है। प्रदेश का बजट 23 हजार करोड़ से बढ़कर 3 लाख करोड़ हो गया है। अजा, अजजा एवं पिछडा वर्ग का बजट भी 1 हजार करोड़ से 64 हजार करोड़ तक पहुंचा है। प्रति व्यक्ति आय 700 रूपए से बढ़कर 1 लाख 40 हजार रूपए हो गई है, जो सिर्फ भाजपा ही कर सकती थी। मध्यप्रदेश मे फिर से भाजपा की सरकार बनाए और राज्य को विकसित एवं समृद्ध प्रदेश बनाने के संकल्प को पूरा करें।

यह बात गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र भाई पटेल ने रतलाम ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के धामनोद मे भाजपा प्रत्याशी मथुरालाल डामर के समर्थन मे आयोजित विशाल आमसभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होने कहा कि 18 वर्षो मे मध्यप्रदेश की पुरी तस्वीर बदल गई है। इस दौरान 5 लाख किलो.मीटर की सड़के बनी है और विकास के चौतरफा कार्य हुए है। पहले प्रदेश मे 64 लाख यात्री आते थे और अब 9 करोड़ यात्री आ रहे है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी के सुशासन और जनसेवा के मंत्र पर कार्य करते हुए भाजपा जिस कार्य का शिलान्यास करती है, उसका लोकार्पण भी वही करती है। श्री पटेल ने कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास चाहती है और इसी बात को ध्यान मे रखते हुए हर परिवार के लिए केन्द्र एवं राज्य की योजनाएं बनी है। राष्ट्रहित मे भाजपा की पुनः सरकार बनना जरूरी है इसलिए 17 नवम्बर को भाजपा प्रत्याशी के समर्थन मे अधिक से अधिक मतदान करें।



सभा के आरंभ मे भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह लुनेरा ने स्वागत भाषण दिया। सभा को जिला प्रभारी प्रदीप पांण्डेय, जिला प्रवास प्रभारी गुजरात विधायक केयुर भाई रोकडिया, ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना एवं जिला चुनाव संयोजक बजरंग पुरोहित ने भी संबोधित किया। भाजपा के ग्रामीण प्रत्याशी मथुरालाल डामर ने मतदाताओं की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का संकल्प व्यक्त किया।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अरूण त्रिपाठी ने बताया कि आमसभा मे जनपद अध्यक्ष साधना जायसवाल, उपाध्यक्ष हितेन्द्र सिंह भाटी, विधानसभा संयोजक कन्हैयालाल पाटीदार, सहसंयोजक अशोक पंड्या, नामली मंडल अध्यक्ष दिनेश धाकड़, शबरी मंडल अध्यक्ष राकेश पाटीदार, धराड़ मंडल अध्यक्ष राकेश पाटीदार, बांगरोद मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र जाट, चन्द्रशेखर आजाद मंडल अध्यक्ष देवीलाल गुर्जर, जिला मंत्री राजेन्द्र पाटीदार, पद्मा जायसवाल, विस्तारक हितेन्द्र सिंह राजपुरोहित, समाजसेवी देवीलाल पाटीदार, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रमेश मईडा, जिला पंचायत सदस्य सत्यनारायण पाटीदार, नाथु भाई गामड़ आदि मंचासीन रहे। संचालन प्रहलाद पाटीदार ने किया।

# धान की अच्छी कीमत मिलने से खिले किसानों के चेहरे

ओबेदुल्लागज संवाददाता. धान के सीजन में धान की अच्छी कीमत मिलने से किसान खुश हैं। मंडी में धान लेकर पहुंच रहे किसान के चेहरों पर फसल के अच्छे दाम मिलने की खुशी देखी जा सकती है। धान लगभग 4200 रुपये प्रति क्विंटल बिक रही है।ओबेदुल्लागज क्षेत्र में बड़ी संख्या में किसान धान की खेती करते हैं। धान की फसल किसानों की आय के मुख्य स्त्रोतों में से एक है। ओबेदुल्लागज अनाज मंडी में धान लेकर पहुंचे किसान रमेशचंद्र, महेंद्रगौर, मोहन नागर, किशोरी लाल, रतन सिंह, आदि ने बताया कि इस वर्ष बारिश कम होने के कारण धान की लागत में वृद्धि हुई है। धान की अगेती प्रजाति के गत वर्ष के 3500 के लगभग रुपये प्रति क्विंटल के मुकाबले इस वर्ष प्रति क्विंटल 4200 रुपये लगभग मिल रहे हैं। भविष्य में और भी दाम बढ़ने की संभावना है। लागत अधिक आने के बावजूद भी मंडी में दाम अच्छे होने के कारण उन्हें लाभ हो रहा है। फसल के अच्छे दाम मिलने से वह खुश हैं।मंडी में धान की पूशा, बासमती, एवंअन्य प्रजाति अक्टूबर से पहुंचनी शुरू हो गई थी। अक्टूबर में ही कई क्विंटल धान मंडी पहुंची । जिसके बाद से लगातार किसान मंडी में अपनी धान बेचने के लिए मंडी पहुंच रहे हैं। नवंबर मंगलवार तक ओबेदुल्लागंज मंडी के व्यापारीयों ने हजारों क्विंटल धान की खरीद कर चुके हैं।



इस बार जिले में हजारों हेक्टेयर से अधिक भूमि में धान की फसल उगाई गई है। इस बार बारिश कम होने के कारण किसानों ने किसी तरह फसल पकने तक पहुंचाने का काम किया है। आखिरी आखिरी में रुक-रुक कर जगह-जगह हुई बारिश के चलते किसानों को अपनी फसल की चिंता भी सता रही थी। जिले की मंडियों में इस बार धान का रेट अच्छा मिलने से भी किसानों को आस है कि इस बार दाम अच्छा मिलेगा। जबकि पिछले साल धान का 3500 रुपये के आसपास था और किसानों को अपनी उपज का भी दाम नहीं मिल सका थाद्य

# आपने दोनों परिवारों को देख लिया अब इस बेटे को चुनिए: अजय दौलत तिवारी

छतरपुर। महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र के सपा प्रत्याशी अजय दौलत तिवारी को क्षेत्र में जनसंपर्क के दौरान जनता का भरपूर समर्थन मिलता दिखाई दे रहा है। अखिलेश यादव की सभा के बाद क्षेत्र के सियासी समीकरण बदलने लगे हैं। पहले जहां साईकिल तीसरे नंबर पर नजर आ रही थी तो वहीं अब इस चुनावी मुकाबले में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अजय दौलत तिवारी भाजपा से सीधी टक्कर करते दिखाई दे रहे हैं। मंगलवार को उन्होंने अपने जनसंपर्क के दौरान भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टियों के प्रत्याशियों पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा कि ये दोनों प्रत्याशी महाराजपुर क्षेत्र की जनता के लिए नए नहीं है जनता ने क्षेत्र के दोनों ही राजनैतिक परिवारों से आए उनके बेटों का कामकाज देख लिया है। एक परिवार जहां जुल्म और तानाशाही के लिए जाना जाता है तो वहीं दूसरा परिवार शिक्षा के व्यवसाय और कमीशनखोरी के लिए मशहूर हो चुका है। उन्होंने जनता से कहा कि इस बार इन दोनों परिवारों को नकारते हुए अपने परिवार के इस बेटे को मौका दें। मैंने महाराजपुर क्षेत्र की जनता को हमेशा माता-पिता के समान देखा है। पिछले पांच वर्षो से मैं हमेशा क्षेत्र के लोगों की मदद के लिए रात-दिन परिश्रम करता रहा। कोरोनाकाल में जब सभी नेता अपने घर में घुसे थे तब हम क्षेत्र में लोगों की मदद कर रहे थे। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि इस बार अपने होनहार बेटे को मौका दें जो क्षेत्र की दशा और दिशा बदल सके। अजय दौलत तिवारी ने मंगलवार को ग्राम चंदौरा, शिकारपुरा, पाली, बंछौरा, चंद्रपुरा, मऊसहानियां, इमलिया, लहर, पड़वाह, गौर, शिवपुरा, टिकरा, गनेशपुरा, गर्रापुरवा और नौगांव का भ्रमण किया।

# पज्जन चतुर्वेदी के समर्थन में रोशनी यादव ने किया तूफानी जनसंपर्क

छतरपुर। जैसे-जैसे चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है प्रत्याशियों के पक्ष में बड़े नेताओं की सभाएं एवं जनसंपर्क दौरे भी तेज हो गए हैं। इसी क्रम में मंगलवार को छतरपुर विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी आलोक चतुर्वेदी पज्जन भैया के समर्थन में कांग्रेस की प्रदेश महामंत्री एवं बुन्देलखण्ड की स्टार प्रचारक रोशनी यादव ने विधानसभा क्षेत्र के एक दर्जन ग्रामों में नुक्कड़ सभाएं कर कांग्रेस के समर्थन में मतदान की अपील की। इस मौके पर रोशनी यादव ने कहा कि पिछले 18 वर्षों से मप्र और बुन्देलखण्ड के इस हिस्से पर भाजपा की सरकार काबिज है लेकिन उन्होंने कहा कि छतरपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी ललिता यादव 10 सालों तक विधायक और मंत्री रहीं लेकिन फिर भी उन्होंने इस क्षेत्र के लिए ऐसा कोई काम नहीं किया जिसे उपलब्धि कहा जाए। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि इस बार छतरपुर विधानसभा सहित समूचे क्षेत्र में कांग्रेस की लहर है, इसलिए प्रदेश में कमलनाथ सरकार बनवाने के लिए कांग्रेस को जिताएं। रोशनी यादव ने ग्राम सलैया, आमखेरा, नदगांय, लक्ष्मनपुरा, गोरा, ढिलापुर, धामची और मुवासी में नुक्कड़ सभाएं कर कांग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील की। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस विधायक आलोक चतुर्वेदी ने भी मंगलवार को तूफानी जनसंपर्क करते हुए कई वार्डों और ग्रामों में जनता से वोट की अपील की। उन्होंने सबसे पहले महाराजा कॉलेज के सामने, शैफरोन लॉन के समीप, गाड़ीखाना, बैनीगंज मोहल्ला, शहनाई गार्डन के समीप जाकर घर-घर जनसंपर्क किया तो वहीं अदालत पहुंचकर वकीलों से भेंट करते हुए उनसे भी आशीर्वाद मांगा। विधायक आलोक चतुर्वेदी ने कहा कि जनता यदि इस बार कांग्रेस को आशीर्वाद देकर उन्हें विधानसभा भेजती है तो वे छतरपुर विधानसभा क्षेत्र में 10 हजार युवाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए एक बड़ी योजना पर काम करेंगे।

**अनुलग्नक 47**

प्रारुप C-1

आपराधिक प्रकरणों के संबंध में घोषणा

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नंबर 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय में 25 सितम्बर 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इटरेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

**अभ्यर्थी का नाम और पता:-** **सुनील गौर पिता श्री ब्रज किशोर गौर, वार्ड नं. 4 रेहटी तह. रेहटी जिला सीहोर**

**राजनीतिक दल का नाम:-** **आम आदमी पार्टी**

**(स्वतंत्र अभ्यार्थी यहां निर्दलीय लिखे)**

**निर्वाचन का नाम:-** **मध्य प्रदेश विधानसभा**

**निर्वाचन क्षेत्र का नाम :-** **136 सिवनी मालवा**

मैं सुनील गौर (अभ्यर्थी का नाम), उपयुक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिए अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के संबंध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूं।

(A) लंबित आपराधिक प्रकरण

| क्र. सं. | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (ओं)और अपराध (अपराधों) का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | न्यायीक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी सि. मा. | 1 | पेशी दिनांक 12.12.23 | 341, IPC, 34 IPC |
| | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

(B) दंडनीय अपराधों के लिए सजा के प्रकरणों का विवरण

| क्र.सं. | न्यायालय का नाम और आदेश (आदेशों) की तिथि (तिथियां) | कार्यालय (यों) और लगायी गयी सजा का विवरण | लगाया गया अधिकतम दंड |
|---|---|---|---|
| | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नही |
| | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

राज्य परिषद के निर्वाचन या विधायकों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन की स्थिति में निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

**सुनील गौर पिता श्री ब्रज किशोर गौर**
**हस्ताक्षरकर्ता**

## आईआईटी मद्रास-सीएफआई के छात्रों द्वारा आयोजित रिसर्च कॉन्क्लेव में उद्योगों और निवेशकों के लिए अत्याधुनिक प्रौद्योकिगयों की प्रदर्शनी

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास (आईआईटी मद्रास) के सेंटर फॉर इनोवेशन (सीएफआई) के छात्रों ने आज (4 नवंबर 2023) संस्थान परिसर में दूसरे सालाना रिसर्च कॉन्क्लेव का आयोजन किया। इसका उद्देश्य छात्रों के अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी विकास को अन्य शिक्षाविदों, उद्योग जगत के विशेषज्ञों और निवेशकों के सामने प्रदर्शित करना था। इस अवसर पर एक 'कम्पटीशन टीम डेमो दिवस' आयोजित कर विभिन्न प्रोटोटाइप पेश किए गए जिनका विकास पिछले छह महीनों में सीएफआई प्रतियोगिता टीमों ने किया है। कार्यक्रम के दौरान सौर ऊर्जा चालित रेस कार, साउंडिंग रॉकेट (पुनः उपयोग करने योग्य), सैन्य सर्वेलांस के लिए फिक्स्ड-विंग यूएवी (मानव रहित हवाई वाहन), सीएफआई गाइड रोबोट, स्वच्छ ऊर्जा चालित समुद्री जहाज, समुद्र विज्ञान अन्वेषण के लिए पानी के अंदर स्वचालित वाहन, सुनने से लाचार लोगों के लिए ब्रेल बुक एमुलेटर और साउंड स्केपिंग चश्मा जैसे प्रोजेक्टों की काफी चर्चा रही। रिसर्च कॉन्क्लेव में 14 टेक्निकल क्लबों और 7 प्रतियोगिता टीमों के 73 प्रोजेक्ट ने सभी को प्रभावित किया। आयोजन में 800 से अधिक छात्रों ने बड़े उत्साह से भाग लिया।

## सनरेस्ट लाइफसाइंस लिमिटेड ने आईपीओ से रु. 10.85 करोड़ जुटाने की योजना बनाई; आईपीओ 7 नवंबर को खुलेगा

**अहमदाबाद एजेंसी।** अहमदाबाद स्थित फार्मास्युटिकल कंपनी, सनरेस्ट लाइफसाइंस लिमिटेड अपने एसएमई पब्लिक इश्यू से रु. 10.85 करोड़ जुटाने की योजना बना रही है। आईपीओ 7 नवंबर को सदस्यता के लिए खुलेगा। कंपनी को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के इमर्ज प्लेटफॉर्म पर अपना आईपीओ लॉन्च करने की मंजूरी मिल गई है। आईपीओ से प्राप्त राशि का उपयोग कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्य को पूरा करने सहित कंपनी की विस्तार योजनाओं को निधि देने के लिए किया जाएगा। मार्क कॉरपोरेट एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड इस इश्यू के लीड मैनेजर है। पब्लिक इश्यू 09 नवंबर को बंद हो जाएगा। आईपीओ में रु. 10 के अंकित मूल्य के रु. 84 प्रति शेयर (रु. 74 प्रति इक्विटी शेयर के प्रीमियम सहित) के 12.91 लाख इक्विटी शेयरों का फ्रेश इश्यू शामिल है, जिसका मूल्य कुल मिलाकर रु. 10.85 करोड़ है। एप्लिकेशन के लिए न्यूनतम लॉट साइज 1,600 शेयर है जो प्रति एप्लिकेशन रु. 1.34 लाख के निवेश के बराबर है। आईपीओ के लिए रिटेल आवंटन प्रत्येक इश्यू का 50त्न रखा गया है। मार्केट मेकर आरक्षण भाग 65,600 इक्विटी शेयर है। 2017 में स्थापित, सनरेस्ट लाइफसाइंस लिमिटेड स्वास्थ्य देखभाल और व्यक्तिगत देखभाल उत्पादों की एक विविध श्रृंखला प्रदान करता है। कंपनी की उत्पाद श्रृंखला में कैप्सूल, टैबलेट, सिरप, मलहम, जेल, माउथवॉश, सॉल्यूशन, सस्पेंशन, ड्राई पाउडर और टूथपेस्ट शामिल हैं।

## अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय के बेंगलूरु और भोपाल कैम्पस में यूजी और पीजी कोर्सेस में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किये

**भोपाल।** अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय स्नातक और स्नातकोत्तर कोर्सेस में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। इनमें एम.ए.एजुकेशन, एम.ए.डेवलपमेंट स्टडीज़, मास्टर ऑफ़ पब्लिक हेल्थ और एम.ए. अर्थशास्त्र स्नातकोत्तर के दो वर्षीय कोर्सेस हैं। स्नातक में बी.ए. ऑनर्स और बी.एससी.ऑनर्स कोर्सप्रस्तुत किए जा रहे हैं। स्नातक कोर्स ड्युअल-डिग्री हैं, जो बी.एड. के साथ हमारे कैम्पस में रहकर ही किए जाने हैं। विद्यार्थी हमारे विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। पहले आवेदकों की लिखित परीक्षा ली जाएगी। लिखित परीक्षा में शॉर्टलिस्ट किए गए आवेदकों को साक्षात्कार लिया जाएगा। आवेदकों को परीक्षा और साक्षात्कार के प्रदर्शन के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। एडमीशन के पहले राउण्ड के अंतरगत आवेदन करने की आखिरी तारीख़ 22 नवम्बर 2023, राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा 24 दिसम्बर 2023, साक्षात्कार जनवरी 2024, एडमीशन फरवरी 2024 रखी गई हैं। यह कोर्स अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय के बेंगलूरु और भोपाल स्थित कैम्पस में चलाए जाएंगे। विद्यार्थियों को बेहतरीन शिक्षा उपलब्ध कराते हुए उनमें विषय विशेषज्ञता व सामाजिक प्रतिबद्धता का निर्माण करना इन कोर्सेस का लक्ष्य है। उन्हें सार्थक करिअर की तलाश के लिए प्रेरित करना और शिक्षा की राह पर आगे बढ़ाना इन कोर्सेस का उद्देश्य है।

## आईआईटी मद्रास ज़ांज़ीबार कैंपस का उद्घाटन ज़ांज़ीबार के राष्ट्रपति डॉ- हुसैन अली मविनी ने किया

**चेन्नई, मुंबई, एजेंसी।** आईआईटी मद्रास ज़ांज़ीबार का उद्घाटन आज 6 नवंबर 2023 ज़ांज़ीबार परिसर में ज़ांज़ीबार के माननीय राष्ट्रपति और रिवोल्यूशनरी काउंसिल के अध्यक्ष माननीय डॉ- हुसैन अलीमविनी ने किया।इसमें तंजानिया के अधिकारी भारत के गणमान्य लोग, संस्थान के फैकल्टी और विद्यार्थी उपस्थित थे। भारत सरकार चाहती है कि भारत की सर्वोत्तम शिक्षा प्रणाली दुनिया के अन्य देशों में पहुंचे।इस दिशा में यह एक ऐतिहासिक कदम है।इतना ही नहीं,आईआईटी मद्रास ज़ांज़ीबार किसी आईआईटी का विदेश में पहला कैम्पस है। जांजीबार कैम्पस ब्वेलियो जिले में ज़ांज़ीबार टाउन से लगभग 15 किमी दक्षिण में है।यहां छात्रों के लिए जरूरत की सभी विश्वस्तरीय सुविधाएं है।संस्थान के स्थायी परिसर का निर्माण ज़ांज़ीबार सरकार और भारत सरकार मिलकर करेंगी। यह संस्थान डेटासाइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में बीएस और एमटेक प्रोग्राम से शुरुआत करेगा।अगले वर्ष शिक्षा के अन्य प्रोग्राम शुरू किए जाएंगे।आईआईटी एम ज़ांज़ीबार के पहले बैच में ज़ांज़ीबार, मुख्य भूमि तंजानिया, नेपाल और भारत के विद्यार्थियों को प्रवेश मिला है।

# कांग्रेस के लिए महिलाएं सिर्फ एक वोट बैंक- दीया कुमारी



**जयपुर।** भाजपा से विद्याधर नगर विधानसभा प्रत्याशी दीया कुमारी आज श्री भवानी निकेतन महिला पी.जी. महाविद्यालय में आयोजित %स्काउट डे सेलिब्रेशन% में सम्मिलित हुईं और सभी स्काउट्स को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर संबोधित करते हुए दीया कुमारी ने कहा कि ÷इतनी छोटी उम्र में हमारी लड़कियां अनुशासन के साथ-साथ मानव सेवा भी सीख रही हैं। स्काउट्स और गाईड्स की ट्रेनिंग प्रक्रिया बिल्कुल आसान नहीं है। इसके लिए बड़ी कठिनाईयों से गुजरना पड़ता है। उन्होंने आगे कहा कि इस प्रक्रिया के दौरान आप जो कुछ भी सीखेंगे, वह आपके भविष्य के जीवन के लिए बहुत लाभदायक होगा।÷

दीया कुमारी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि ÷कांग्रेस ने महिलाओं को सिर्फ एक वोट बैंक समझा है। महिलाओं को फ्री के मोबाईल फोन की जरूरत नहीं बल्कि सुरक्षा चाहिए। जो कि प्रत्येक महिला का अधिकार भी है और यह सरकार वही देने में नाकाम रही है। इस दौरान दीया कुमारी ने सभी से वोट करने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि इस देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते यह हमारा फर्ज है कि हम सभी वोट डालें। इसमें प्रत्येक व्यक्ति का योगदान बहुत आवश्यक है।÷

कार्यक्रम में श्री भवानी निकेतन शिक्षा समिति के सहसचिव राजेन्द्र सिंह जेरठी, श्री भवानी निकेतन शिक्षा समिति के उपाध्यक्ष सहसचिव नरेन्द्र सिंह बगड़, राजपूत सभा भवन के अध्यक्ष राम सिंह चंदलाई, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मीना राठौड़, श्री भवानी निकेतन शिक्षा समिति के सदस्य एस.पी. सिंह, हिम्मत सिंह, महेंद्र सिंह संघ शक्ति आदि सम्मानित गण उपस्थित रहे।

इसके अतिरिक्त, दीया कुमारी ने वार्ड 3, वार्ड 37 और वार्ड 40 में जनसंपर्क किया। विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के मुरलीपुरा मंडल, वार्ड 3 में स्वागत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दीया कुमारी के साथ सांसद रामचरण बोहरा भी उपस्थित रहे। इसके बाद, दीया कुमारी वार्ड 35 में प्रबुद्धजन सम्मेलन और वार्ड 37 में युवा एवं महिला सम्मेलन में भी शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने जनसभाओं को संबोधित किया और जनता से वोट डालने की अपील की। इसके साथ ही वे विद्याधर नगर के वार्ड 24 में अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा द्वारा स्वागत सभा में भी सम्मिलित हुईं।

## अक्षय ने सेवा को जीवन का लक्ष्य बनाने राजनीति की ओर बढ़ाए कदम

### समाज सेवा के क्षेत्र में जिले के गौरव बने अक्षय तातेड

**बैतूल।** मैं अकेला ही चला था जानिब-ए-मंज़िल मगर लोग साथ आते गए और कारवाँ बनता गया...

मजरूह सुल्तानपुरी कि इस ग़ज़ल का एक-एक वाक्य बैतूल के युवा समाजसेवी, हाल ही में भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले अक्षय तातेड के जीवन पर पूरी तरह फिट बैठता है। जरूरत पड़े तो याद करना सलाह नहीं साथ दूंगा... समाज सेवा के क्षेत्र में बैतूल के गौरव बने अक्षय के इन्हीं जज्बे और सेवा कार्य के कारण आज वह समाज सेवा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना चुके हैं। अपने लगभग एक हजार युवा कार्यकर्ताओं के साथ उन्होंने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। अक्षय और उनके साथियों का भाजपा में आना भाजपा के लिए भी संजीवनी का काम कर रही है। हजारों युवाओं का कारवां समाज सेवा में उनके साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहा है। अक्षय द्वारा किए गए ऐसे अनगिनत सेवा कार्य है जिन्होंने दूसरों की जिंदगी बदल दी है। ऐसे सेवाभावी युवा अक्षय का आज जन्मदिन है। उनके जन्मदिन पर गत वर्ष उनके द्वारा किए गए अंगदान शिविर की यादें भी ताजा हो गई है। जहां दूसरों का जीवन संवारने के लिये अक्षय और स्प्रेडिंग स्माइल ग्रुप के युवाओं ने अंगदान का संकल्प लिया था।

8 नवंबर 2022 का वह ऐतिहासिक दिन था जब अक्षय तातेड के जन्मदिन के अवसर पर 250 से अधिक युवाओं ने अंगदान करने का निर्णय लेते हुए डॉ अरुण जयसिंहपुरे के मार्गदर्शन में अंगदान की पूरी प्रक्रिया पूर्ण की थी। बैतूल में इतनी संख्या में सामूहिक रुप से अंगदान संकल्प लेने का वह पहला कार्यक्रम था। लगभग ढाई सौ युवा और महिलाओं ने अंगदान की सहमति देते हुए फॉर्म भरा था इसके अलावा दो लोगों ने अपनी देहदान की भी सहमति दी थी।

समाज सेवा के क्षेत्र में ऐसे बिरले ही युवा मिलेंगे जिसमें समाज सेवा का जज्बा कूट-कूट कर भरा हो। अक्षय अपनी इसी सेवा भावना के चलते अन्य समाजसेवियों से अपनी अलग पहचान रखते हैं। सबको साथ लेकर चलने की खूबी उन्हें दूसरो से अलग करती है। यही कारण है कि अक्षय एक प्रतिष्ठित और बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी है।

बैतूल में युवाओं के स्प्रेडिंग स्माइल ग्रुप नाम की एक संस्था है जो जरूरतमंदो की मदद करने के लिये बनाई गई है। इस संस्था से बड़ी संख्या में युवा जुड़े है। कन्या विवाह, धार्मिक आयोजन, रक्तदान गरीबों जरूरतमंदों की सेवा, असहाय बच्चों की शिक्षा व्यवस्था, खेल बेजुबानो की मदद करना सहित ऐसे कई अनगिनत कार्य है जो अक्षय के नेतृत्व में स्प्रेडिंग स्माइल ग्रुप के युवाओं द्वारा किए जा रहे हैं। कई ऐसे उदाहरण है जहां अक्षय ने मानव सेवा माधव सेवा के धर्म को बखूबी निभाया है।

**कोविड काल में मजलूमों के मसीहा बने थे अक्षय-** आज से कुछ वर्ष पहले स्प्रेडिंग स्माइल इस संगठन के माध्यम से लॉकडाउन के अंतर्गत जब पूरा विश्व कोरोना जैसी महामारी से जूझ रहा था उस समय अक्षय तातेड द्वारा अपने साथियों के साथ लगभग 1000 जरूरतमंद परिवारों में राशन किट पहुंचाई गई। इसी कोविड काल में जब रक्त कोष में रक्त की कमी हो गई थी। तब थाना चौक कोठीबाजार में रक्तदान शिविर आयोजन किया गया। मानवीय मूल्यों की रक्षा करते हुए एक बच्ची को ग्रुप द्वारा गोद लिया गया, जो कि वर्तमान में अग्रसेन महाराज गंज स्कूल में अध्यनरत है। सेवा के कई प्रमुख चरणों मे 5 वर्ष के बच्चे के दोनों पैर का पूरा इलाज भी ग्रुप के संस्थापक अक्षय द्वारा कराया गया। भीषण गर्मी में पानी की कमी को देखते हुए स्वतंत्र रूप से घूम रहे पशुओं के लिए शहर में 21 विशाल टांके की व्यवस्था की गई। पशुओं में जब लम्पी वायरस की बीमारी फैल रही थी उस समय स्प्रेडिंग स्माइल ग्रुप की गो सेवा टीम ने जगह-जगह घूम घूम कर ऐसे बीमार पशुओं का इलाज कराया। आज भी कभी भी आधी रात को भी किसी घायल पशु की खबर मिलती है। तो ग्रुप के साथियों द्वारा उसे तुरंत उपचार किया जाता है। गौमाता की सेवा करना इस ग्रुप का सबसे बड़ा उद्देश्य है जो निरंतर जारी है। 24 घंटे गौ माता के लिए टीम हमेशा तैयार रहती है। एक्सीडेंट हो या किसी भी तरह की मदद स्प्रेडिंग स्माइल आधी रात तक रेस्क्यू चला कर गौमाता के लिए सेवा में तत्पर रहती है।

**सेवा ही उद्देश्य-** स्प्रेडिंग स्माइल ग्रुप बैतूल जिले के आसपास के 5 जिलों में भी ऐसी संस्था नहीं है।जो किसी दूसरे का दुख को अपना दुख समझे और उनके साथ खड़े रहे इस ग्रुप का उद्देश्य सिर्फ और सिर्फ़ सेवा करना है। युवा समाजसेवी अक्षय तातेड युवाओं में सबसे ज्यादा लोकप्रिय है। अक्षय युवाओं के प्रेरणास्रोत और यूथ आइकॉन बन गए है। जरूरतमंद और बेसहारा लोगों को अपना मानने वाले अक्षय समाज सेवा का जीवंत उदाहरण बन गए है।

## भारत हमेशा से हिंदू राष्ट्र है और रहेगा

### संघ के सरकार्यवाह बोले ● देश को उत्तर और दक्षिण में बांटने का प्रयास किया जा रहा

- कच्छ के भुज में आरएसएस की तीन दिवसीय अखिल भारतीय कार्यकारी बैठक संपन्न
- राममंदिर के उद्घाटन में शामिल होने को एक से 15 जनवरी तक निमंत्रण पत्र बांटेंगे स्वयंसेवक

**अहमदाबाद (ब्यूरो)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि भारत को हिंदू राष्ट्र में बदलने की कोई जरूरत ही नहीं है। भारत हमेशा से एक हिंदू राष्ट्र है और भविष्य में रहेगा। राज व्यवस्था एक अलग विषय है। भारत पर कभी अंग्रेजों का भी राज था लेकिन राष्ट्र तब भी हिंदू ही था। साथ ही कहा कि देश की एकता के बारे में सोचना और समाज की बेहतरी के लिए कुछ वक्त देना ही हिंदुत्व है।

कच्छ के भुज में संघ की तीन दिवसीय अखिल भारतीय कार्यकारी बैठक के अंतिम दिन होसबाले ने पत्रकारों से कहा कि इस बैठक में विभिन्न राष्ट्रीय व सामाजिक मुद्दों पर चर्चा हुई लेकिन इस बार कोई प्रस्ताव पारित नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर के 22 जनवरी को उद्घाटन से पहले आरएसएस कार्यकर्ता देश के लोगों को वहां आमंत्रित करने के लिए एक जनवरी से 15 जनवरी तक राष्ट्रव्यापी अभियान चलाएंगे, जिसके तहत वे घर-घर जाएंगे। उन्होंने कहा कि राजनीतिक सोच के साथ देश को उत्तर व दक्षिण भारत में बांटने का एक माहौल बनाया जा रहा है। जागरूक लोगों को ऐसे



दत्तात्रेय होसबाले (फाइल फोटो)।

राजनीतिक स्वार्थ से प्रेरित प्रयास का विरोध करना चाहिए। उन्होंने कहा कि शंकराचार्य दक्षिण से निकले और समूचे भारत ने उनको स्वीकार किया। महात्मा गांधी गुजरात से, स्वामी विवेकानंद बंगाल से, भगत सिंह पंजाब से, सुखदेव, राजगुरु तथा लाल बाल पाल विविध राज्यों से थे लेकिन समूचे राष्ट्र ने उनको स्वीकार किया।

भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने संबंधी एक प्रश्न के जवाब में होसबाले ने कहा कि जब तक इस धरती पर एक भी हिंदू रहता है तब तक यह हिंदू राष्ट्र ही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज व्यवस्था एक अलग विषय है। भारत पर जब अंग्रेजों का शासन था तब भी राष्ट्र हिंदू ही था। उन्होंने कहा कि देश में वर्तमान में संघ के 37.90 लाख स्वयंसेवक हैं। हर मंडल स्तर तक पांच से 15 स्वयंसेवकों के समूह तैयार करेंगे ताकि वे समाज के लोगों को राष्ट्र व संस्कृति से रूबरू करा सकें।

लव जिहाद के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि इसके दो पहलू हैं- लोगों को जागरूक करना और कानूनी लड़ाई लड़ना। उन्होंने कहा कि आरएसएस उन महिलाओं के पुनर्वास पर भी काम कर रहा है, जिन्होंने इस तरह के संबंधों से खुद को मुक्त कर लिया है लेकिन उनके परिवारों ने उन्हें स्वीकार नहीं किया है। होसबाले ने कहा कि संघ के विविध प्रकल्पों से महिलाएं जुड़ी हुई हैं तथा गृहस्थ स्वयंसेवक दो माह में अपने परिवार के साथ मिलने का भी प्रयास करें।

उन्होंने कहा कि पुरुष केवल महिलाओं का ध्यान रखें, उन्हें अकेला छोड़ दें और उनकी शिक्षा में मदद करें। उन्होंने बताया कि संघ के विविध संगठन महिलाओं के साथ मिलकर काम कर रहे हैं वहीं विद्यार्थी परिषद कक्षा आठ से 12वीं की छात्राओं को स्वसुरक्षा का प्रशिक्षण देता है। संघ का अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल आगामी दिनों में भेदभाव रहित समाज, परिवार मूल्य संचार, समाज व संस्कृति की सेवा, पर्यावरण की सुरक्षा तथा स्वदेशी जीवन शैली पर जोर देने के लिए अभियान चलाएगा।

**संघ मेलजोल बढ़ाने और भेदभाव खत्म करने का पक्षधर**

होसबाले ने कहा कि संघ का यह प्रयास नहीं रहता कि सभी लोग व संस्थाएं हमारे छत्र तले आएं लेकिन हम चाहते हैं कि लोग आपसी मेलजोल बढ़ाए और समाज से भेदभाव खत्म करने का प्रयास करें। सरकार्यवाह ने कहा कि सब हिंदू समाज के महिला-पुरुषों के मंदिर जाने, कब कितनी बार जाने का कोई आग्रह नहीं करता लेकिन इतना जरूर है कि समाज के लोग जिस किसी भी धार्मिक स्थल पर जाएं तो वहां की संस्कृति व परंपरा का पालन करें। यही नहीं, उन्होंने फिर दोहराया कि मंदिर सरकारों से मुक्त हों तथा समाज के लोग ही उनका संचालन करें। साथ ही कहा कि जो भी राजनेता व राजनीतिक दल संघ पर हमला करते हैं, उनको भगवान सद्बुद्धि दें।

## बेंगलुरु में प्रोजेक्ट टाइगर की स्क्रीनिंग को मिली जबरदस्त सफलता

**बेंगलुरु एजेंसी।** फिल्म निर्माता रोहित वर्मा और कल्याण वर्मा, नेचर इनफोकस की फीचर-लेंथ डॉक्यूमेंट्री प्रोजेक्ट टाइगर की बहुप्रतीक्षित स्क्रीनिंग पूरी हुई, जो ग्लोबल आइकन को विलुप्त होने से बचाने के भारत के साहसी मिशन की असाधारण अनकही कहानी को दिखाता करती है। माराकाटा, चमारा वज्र, जयमहल और बेंगलुरु में 1500 से अधिक लोगों के लिए एक यादगार और जादुई अनुभव था। जैसे ही तारों से जगमगाते आकाश के नीचे फिल्म प्रदर्शित हुई, गड़गड़ाहट और बिजली चमकने लगी। दर्शकों को एक अनोखी सिनेमाई यात्रा का अनुभव हुआ जिसने उन्हें अचंभित कर दिया। डॉक्यूमेंट्री के लुभावने दृश्य और सम्मोहक कहानी और स्क्रीनिंग के बाद हिंद महासागर के विशेष प्रदर्शन ने साथ मिलकर एक यादगार शाम बन गया जिसने राजसी बाघों और भारत की संरक्षण यात्रा को दिखलाया मनाया। इस शाम को यशपाल राठौड़ और विजय मोहन राज की कॉफी टेबल बुक टाइगर टाइगर बर्निंग ब्राइट का भी विमोचन हुआ, जिसमें शानदार तस्वीरों और अनदेखी कल्पना के माध्यम से प्रोजेक्ट टाइगर को दिखाया गया। प्राकृतिक दुनिया की कहानियों को विशेषज्ञता से दिखाने वाले रखने वाले अग्रणी प्रोडक्शन हाउस - नेचर इनफोकस ने भारत की प्रमुख संरक्षण पहल, प्रोजेक्ट टाइगर के अनकहे पहलुओं को दिखाया, जो आज इतिहास में सबसे बड़ी और सबसे महत्वाकांक्षी संरक्षण परियोजना बन गई है।




## कोस्टा कॉफी ने शिवेश भाटिया के साथ मिलकर अपना दिवाली कैम्पेन कोस्टा वाली दिवाली लॉन्च किया

**मुंबई, एजेंसी।** भारत में कमर्शियल बेवरेज कैटेगरीज़ में कोका-कोला का अग्रणी कॉफी ब्राण्ड कोस्टा कॉफी इस साल के अपने दिवाली कैम्पेन कोस्टा वाली दिवाली को लॉन्च करके उत्साहित है। यह लॉन्च शिवेश भाटिया के साथ भागीदारी में किया गया है, जोकि एक जाने-माने बेकर और कंटेन्ट क्रियेटर हैं। यह दोनों मिलकर कॉफी के शौकीनों के लिये दिवाली से प्रेरित एक यादगार मेन्यू लेकर आ रहे हैं। यह गठजोड़ एक यादगार अनुभव सुनिश्चित करता है, जिसमें दिवाली की पारंपरिक भावना को कोस्टा कॉफी के आधुनिक एवं अभिनव उत्साह के साथ आसानी से मिलाया गया है। दिवाली के जोश से भरे फ्लेवर्स और त्यौहार का उत्साह अपनाने के लिये कोस्टा कॉफी गर्व से ब्लिस्टाचियो रोज़ बेवरेज फैमिली की पेशकश कर रही है।

## स्नैप ने अपने पहले एपीएसी एआर डे में ऑगमेंटेड रियलिटी को बढ़ावा दिया

**मुंबई, एजेंसी।** स्नैप इंक. ने आज मुंबई, भारत में अपना पहला एपीएसी एआर डे (एशिया पैसिफिक ऑगमेंटेड रियलिटी डे) मनाया। यह डे ऑगमेंटेड रियलिटी (एआर) यानी संवर्धित वास्तविकता में प्लैटफॉर्म की नेतृत्वकारी स्थिति, बढ़ते एआर क्रिएटर और डेवलपर कम्युनिटी तथा यूजर एवं ब्रांड, दोनों के लिए एआर को सुलभ बनाने के प्रति निरंतर वचनबद्धता के समारोह के रूप में आयोजित किया गया था। समारोह में स्नैप के सीईओ और को-फाउंडर, इवान स्पीजेल ने अपनी त्रिदिवसीय भारत यात्रा के हिस्से के तहत स्नैप एपीएसी के प्रेसिडेंट, अजीत मोहन के साथ खुलकर अनौपचारिक बातचीत की। चर्चा के केंद्रबिंदु में उपभोक्ताओं और ब्रांड, दोनों के द्वारा विश्व स्तर पर एआर टेक्नोलॉजी को अपनाने, भारत की बढ़ती रचनात्मक प्रतिभा का समूह, एआर टेक्नोलॉजी का भविष्य और इस बदलाव लाने वाली टेक्नोलॉजी के प्रति स्नैप का दूरदर्शी नजरिया जैसे विषय शामिल थे।

OUR PREDICTION CAME TRUE
WHISPERSINTHECORRIDORS.COM

**Shivendra Nath appointed CMD EPIL on Nov 6**

(WE SAID THIS ON AUGUST 29, 2023)
**Tenure of D S Rana as CMD, EPIL ending; Shivendra Nath to succeed**
The tenure of Dhirendra Singh Rana as Chairman and Managing Director, Engineering Projects (India) Limited (EPIL) is coming to an end in September 2023. Shivendra Nath, Senior General Manager, Bharat Sanchar Nigam Limited (BSNL) will succeed him upon appointment orders.

**Prakash Kumar recommended DMD, SIDBI on Nov 6**

(WE SAID THIS ON JULY 20, 2023)
**Prakash Kumar recommended for DMD, SIDBI**
The name of Prakash Kumar has been recommended for the post of Deputy Managing Director (DMD) of Small Industries Development Bank of India (SIDBI).

**G S Rawat appointed DMD NABARD on Nov 6**

(WE SAID THIS ON AUGUST 3, 2023)
**GS Rawat recommended for DMD, NABARD**
The name of Goverdhan Singh Rawat has been recommended for the post of Deputy Managing Director of the National Bank for Agriculture and Rural Development (NABARD) for the vacancy dated December 12, 2022.


**A K Sood appointed DMD, NABARD on Nov 6**

(WE SAID THIS ON AUGUST 3, 2023)
**AK Sood recommended for DMD, NABARD**
The name of Ajay Kumar Sood has been recommended for the post of Deputy Managing Director of the National Bank for Agriculture and Rural Development (NABARD) for the vacancy dated August 1, 2023.


## राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य पर स्वास्थ्य शिविर

**छिंदवाड़ा।** जिला आयुष अधिकारी डॉ. रत्तात्रेय भदाड़े सर के निर्देशानुसार डॉ. किंशुक सोनी शासकीय आयुष औषद्यालय बनगांवद्वारा राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अंतर्गत होने वाली गतिविधियों के परिपालन में शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक एवं प्राथमिक विद्यालय बनगांव के सभी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा परीक्षण उपरांत 93 रोगी बच्चों को नि:शुल्क आयुर्वेदिक औषधि प्रदान की गईतथा 3 बच्चों को जिला चिकित्सालय रिफर कियागया। इस शिविर में डॉ. किंशुक सोनी के साथ औषधि संयोजक श्रीमति वंदना उसरेठे महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता श्रीमति जानकी पाल, औषधि सेवक श्रीमति अनुपमा उईके तथा पी.टी.एस अजय डेहरिया समस्त स्टाफ का सहयोग रहा ।

## शहर में गंदा एवं बदबूदार पानी सप्लाई होने कारण परासिया एसडीएम को ज्ञापन सौंपा



**परासिया।** नेता प्रतिपक्ष वीर बहादुर सिंह के नेतृत्व में शहर वासियों ने की शिकायत वार्ड क्रमांक 18 में हफ्तो से पाईप लाईन खराब होने से पानी सप्लाई नहीं हो रही है एवं परासिया शहर के समस्त वार्डों में गंदा बदबूदार पानी सप्लाई हो रहा है जिसको लेकर आज नेता प्रतिपक्ष वीर बहादुर सिंह के नेतृत्व में शहर के आम जन ने माननीय एसडीएम को ज्ञापन सौंपा ज्ञापन के माध्यम से कहा गया कि शहर में गंदा बदबूदार पानी सप्लाई किया जा रहा है खदान का पानी सप्लाई हो रहा है पानी पीला है जिसके कारण लोगों को बीमारियां हो रही है लोगों के घरों की दाल नई गल रही है वहीं दूध एवं चाय फट जा रही है वही इस पानी से लोगों को और भी समस्याएं हो रही है वहीं वार्ड क्रमांक 18 के वार्ड वासियों ने पार्षद प्रतिभा सोनी के साथ आकर वार्ड में पानी सप्लाई सही तरीके से न होने के पाईप लाईन खराब होने के कारण हफ्तों से पानी वार्ड में नहीं आ रहा है जिसकी शिकायत भी वार्ड वासियों द्वारा की गई इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष वीर बहादुर सिंह पार्षद श्रीमती प्रतिभा सोनी अंजली श्रीवास्तव मुजम्मिल राजा कुरेशी रईश खान सहित वार्ड वासी उपस्थित थे

## 3 वाहन संचालकों से 9,500 रूपये की जुर्माना राशि जमा, एक वाहन भी किया जप्त



**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज पुष्प के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान लागू आदर्श आचरण संहिता का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में अतिरिक्त परिवहन अधिकारी श्री मनोज कुमार तेहनगुरिया के निर्देशन में परिवहन जाँच दल द्वारा आज अमरवाड़ा-चौरई क्षेत्र के विभिन्न मार्गो पर जाँच की कार्यवाही की गई । जाँच के दौरान लगभग 4 वाहन नियम विरुध्द संचालित पाये जाने पर वाहन संचालकों पर यथास्थान जुर्माना की कार्यवाही की गई, जिसमें एक टैक्सी मैजिक को बिना परमिट व फिटनेस के संचालित पाये जाने पर अमरवाड़ा थाने में जप्त किया गया और 3 वाहन संचालकों से शमन शुल्क जुर्माना राशि 9500 रूपये जमा करवाते हुए वाहन मुक्त किये गये ।

## मेंटनेंस कार्य के दौरान आज बिजली आपूर्ति रहेगी बंद

**छिन्दवाड़ा।** म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा बिजली लाईनों का मेंटनेंस कार्य किया जा रहा है तथा 4 नवंबर से प्रारंभ इस कार्य में 8 नवंबर तक 5 फीडरों के क्षेत्र में प्रात- 7 से दोपहर 12 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी । कंपनी द्वारा बिजली आपूर्ति बंद रहने के दौरान विद्युत उपभोक्ताओं से सहयोग की अपेक्षा की गई है ।म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के कार्यपालन अभियंता (शहर संभाग) ने बताया कि 8 नवंबर को सोनाखार रोड टाउन-02 फीडर की विद्युत लाईन से जुड़े क्षेत्र सोनाखार, सुकलूढाना, गीतांजली-जनता, दुर्गा खांडसारी, अंबेडकर नगर, चांद रोड, पदम कॉम्पलेक्स, फटाका गोदाम, उमा इंडस्ट्रीज, सिध्दि विनायक पॉलीमर्स, रेल्वे मालधक्का, लतीफबाबा मस्जिद, राठी ऑईल मिल आदि क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बंद रहेगी।

# केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल के वाहन की चपेट में आया बाइक सवार

**घटना स्थल पर हुई मौत, दो मासूम बच्चे भी घायल हुए, सिंगोड़ी बायपास के पास हुआ हादसा**





**छिंदवाड़ा।** शहर में जनसम्पर्क अभियान के बाद नरसिंगपुर जाते केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल के वाहन की चपेट में आने से एक बाइक सवार की घटना स्थल पर मौत हो गई। घटना में मृतक के दो मासूम बच्चे भी घायल हैं। घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया है। सिंगोड़ी पुलिस घटना की विवेचना कर रही है।

प्राप्त जानकारी के घटना दोपहर तीन बजे करीब की है। केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल शहर में भाजपा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू के साथ जनसम्पर्क में थे। इसके बाद में वे कार से नरसिंगपुर के लिए रवाना हुए थे। कि सिंगोड़ी के पास खकरा चौरई बायपास के नजदीक मोड़ पर उनकी कार की चपेट में अचानक एक बाइक सवार आ गया इससे पहले की कुछ समझ आता बाइक सवार कार की तेज रफ्तार के साथ 70 से 80 फिट घिसट गया जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल एयरबेग खुलने से बच गए और उन्हें मामूली चोटें आई है। बाइक में सवार दो मासूम बच्चे भी गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें तत्काल ही एम्बुलेंस से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया है। बताया जाता है कि मृतक 32 वर्षीय निरंजन चंद्रवंशी भूला मोहगांव का निवासी है जो अपने दो बच्चों निखिल 4 वर्ष, संस्कार 7 वर्ष को बाइक में बिठाकर स्कूल से घर जा रहा था कि बायपास मोड़ पर अचानक कार की चपेट में आ गया और हादसा हो गया तत्काल तीनों को एम्बुलेंस से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया जहां निरंजन चन्द्रवंशी की घटना स्थल पर ही मौत हो चुकी थी। उनके दोनो मासूमों का उपचार चल रहा है। सिंगोड़ी पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## मुख्यमंत्री शिवराज ने मांगा मोनिका बट्टी के लिए आशीर्वाद



**छिंदवाड़ा।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अमरवाड़ा प्रत्याशी मोनिका बट्टी के लिए जनता से आर्शीवाद मांगने हर्रई पहुंचे उन्होने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि तुम्हारे भाई ने दीपावली त्यौहार के पहले चौथी किश्त 1250 रूपए खाते में डाल रहे हैं। त्यौहार में यह पैसा काम आएगा। उन्होने कहा कि इस राशि से हमारी बहने सशक्त बन रही हैं। साथ लाखों लोगों को आयुष्मान कार्ड में पांच रूपए तक फ्री इलाज मिल रहा है। इसी तरह केन्द्र और प्रदेश सरकार से दस हजार रूपए मिल रहे हैं। उन्होने कहा कि कांग्रेस सरकार आई तो लाड़ली बहना योजना बंद कर देगी उनकी पंद्रह महीने की सरकार में किसानों का कर्जा माफ नहीं हुआ बेरोजगारों को रोजगार भत्ता नहीं मिला कार्यक्रम में भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

## आज सांसद नकुलनाथ का होगा छिन्दवाड़ा आगमन



**छिन्दवाड़ा।** जिले के सांसद नकुलनाथ का आज छिन्दवाड़ा आगमन होगा। आगमन उपरांत वे जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों में उपस्थित होने के साथ ही जिले सहित समीपस्थ जिलों में आयोजित जनसभाओं में उपस्थित होंगे।सांसद कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 08 नवम्बर को दोपहर 03.00 बजे सांसद नकुलनाथ का विशेष वायुयान से ईमलीखेड़ा हवाईपट्‌टी पर आगमन होगा तदोपरांत वे जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा निर्धारित कार्यक्रम में उपस्थित होंगे। सांय 05.30 बजे गुरैया में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

## आज का युवा अपने हाथों में काम चाहता है, कमीशन नहीं: कमलनाथ

**पचास प्रतिशत कमीशन वाली सरकार यह बात नहीं समझ पाई**



**छिन्दवाड़ा।** म. प्र में पचास प्रतिशत वाली कमीशन की सरकार चल रही है, हर काम का दाम नीचे से ऊपर तक तय है। शिवराज सिंह चौहान के राज में राशि दो और काम कराओ की परम्परा चल रही है, इन 18 वर्षों में प्रदेश का प्रत्येक नागरिक भ्रष्टाचार का शिकार हुआ है या फिर भ्रष्टाचार का गवाह बना है। आज का युवा अपने हाथों में काम चाहता है किसी प्रकार का कमीशन या फिर ठेका नहीं चाहता। उक्त उदगार आज पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने आयोजित जनसभाओं में व्यक्त किये।

सौंसर नगर में आयोजित विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुये पूर्व मुख्यमंत्री श्री कमलनाथ ने कहा कि मेरी राजनीति का प्रवेश मार्ग सौंसर है, जहां मैंने पहली दफा बैठक को सम्बोधित किया था तब और आज में बहुत बड़ा अंतर है हम कितने आगे बढ़े इस बात के गवाह यहां मौजूद बुजुर्ग है।

चौरई विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कलकोटी में आयोजित विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुये पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि 15 महीने की सरकार में से साढे ग्यारह माह काम करने का अवसर मिला, क्योंकि शेष माह लोकसभा चुनाव और आचार संहिता में चले गये फिर भी हमने हमारी नीति और नियत का परिचय देते हुये प्रदेश के 27 लाख किसानों का कर्ज माफ किया। छिन्दवाड़ा के 75 हजार किसान भी इस योजना से लाभान्वित हुये। आगे भी यह योजना जारी रहती, किन्तु भाजपा ने धनबल और बाहूबल से सरकार गिरा दी। शिवराज सिंह चौहान अगर किसानों के हितैषी होते तो योजना को चालू रखते, लेकिन उन्होंने इस योजना को बंद कर दिया, किन्तु आप लोगों को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है जल्द ही समय बदलने वाला है। आयोजित सभा में चौरई विधानसभा से विधायक प्रत्याशी सुजीत चौधरी मंच पर उपस्थित रहे।

## स्वीप गतिविधि के अंतर्गत मजदूरों को मतदान के लिये किया प्रेरित



**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज पुष्प के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारी श्री पार्थ जैसवाल के मार्गदर्शन में जिले में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत विभिन्न स्वीप गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में विधानसभा क्षेत्र 124-चौरई में मतदाता जागरूकता अभियान राजस्व अनुविभागीय अधिकारी प्रभात मिश्रा के नेतृत्व और नोडल अधिकारी स्वीप प्लान चौरई विजय पवार व स्वीप प्रभारी चौरई राकेश कुमार मालवीय के संयोजन में आज मतदाता जागरूकता अभियान के तहत असंगठित कृषि मजदूर जो ग्राम बाड़ीवाड़ा से आकर चाँद के खेतों में मक्का तुड़ाई का कार्य कर रहे हैं, उनके मध्य जाकर 17 तारीख को मतदान की अपील की गई । मजदूरों ने भी मतदान के दिन कार्य बंद रख वोट करने की बात कही। ग्राम ढिमरमेटा में मजदूरों का समूह जो मक्का गहाई में नियमित संलग्न है तथा खेतों में मेढ़-बंधान एवं मक्का तुड़ाई का कार्य कर रहे हैं, उनके मध्य जाकर उन्हें मतदान के लिए प्रेरित किया। साथ ही श्रीराम राइस मिल चाँद में जाकर मिल मालिक श्री भगवत रघुवंशी से चर्चा कर उन्हें 17 नवंबर को मिल में सवैतनिक अवकाश मजदूर को प्रदान कर भारत के लोकतंत्र के लिए कार्य करने की समझाईश दी। जिस पर मिल मालिक द्वारा मजदूरों को सवैतनिक अवकाश देने की बात स्वीकारी गई। इसी तरह ग्राम मोघर के खेतों में काम करने वाले मजदूरों को मतदाता जागरूता का संदेश दिया गया।

## 11 सौ किलो लाहन और 73 लीटर शराब जप्त

**डोडाखापा में सड़क किनारे बन रही थी शराब**



छिन्दवाड़ा। आबकारी विभाग के चौरई वृत्त के अमले ने कुल 4 प्रकरण दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। विभाग ने यह कार्यवाही बिछुआ थाना अंतर्गत ग्रामसामर बोह, तुमड़ागड़ी, डोडाखापा और खमारपानी में की। गौरतलब है कि जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज पुष्प ने अवैध शराब के मामलों में धरपकड़ तेज करने के निर्देश दिये हैं। इसी तारतम्य में जिला आबकारी अधिकारी अजीत एक्का के मार्गदर्शन में उक्त कार्यवाही की गई। आबकारी के अमले को डोडाखापा में मुख्य मार्ग के किनारे बहने वाले नाले के किनारे ही शराब की भट्टी चढ़ी मिली। यहाँ से 5 सौ किलो महुआ लाहन और तीस लीटर शराब बरामद हुई। तुमड़ागड़ी में भी शराब के अड्डे से 4 सौ किलो लाहन और बीस लीटर शराब जप्त की गई। सामरबोह में डेम के किनारे बने अड्डों से भी बीस लीटर शराब जप्त कर दो सौ किलो महुआ लाहन नष्ट किया गया। खमारपानी निवासी रामलाल सरेआम के कब्जे से तीन लीटर शराब जप्त कर मामला दर्ज किया गया। इस कार्यवाही के दौरान वृत्त प्रभारी अर्चना घोरमारे,आरक्षक सचिन श्रीवास्तव और भारती मरकाम उपस्थित थे।

## केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल ने पदयात्रा कर भाजपा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू के लिए मांगा आशीर्वाद



**छिंदवाड़ा।** केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय राज्यमंत्री एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय राज्यमंत्री प्रहलाद पटेल जी ने मंगलवार को भाजपा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू के समर्थन में शहर के विभिन्न वार्डो में पदयात्रा कर जनसंपर्क किया और जनता से विवेक बंटी साहू के लिए अपना वोट रूपी आशीर्वाद मांगा । कुम्हारी मोहल्ले में जनसंपर्क के दौरान श्री पटेल ने एक वृद्ध कुम्भकार महिला को दीपक बेचते देखा तो स्वयं उनके पास पहुंचे और आशीर्वाद मांगकर अपने घर के लिए दीपक भी खरीदे। प्रहलाद पटेल दोपहर 12 बजे नागद्वार चौक गुलाबरा पहुंचे, जहां सैकड़ों कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में पदयात्रा प्रारंभ की । पदयात्रा के दौरान पटेल गुलाबरा मेन रोड, गुलाबरा गली नं. 7, शंकर जी की मढिया, सत्कार तिराह (चौक), गरबा स्वीट्स के सामने, इंदिरा तिराहा, खण्डेलवाल मेडिकल, सी.एस. काम्पलेक्स, फब्बारा चौक, अनगढ़ हनुमान मंदिर, मोहबे मार्केट, बुधवारी बाजार, मोतीलाल किराना, बुधवारी बाजार, दिल्ली दरबार के सामने, साहू ज्वेलर्स चौक, अष्टभुजा मंदिर, साहू ज्वेलर्स चौक, छापाखाना चौक, पुरूषोत्तम साहू के घर के सामने, मंदिर के सामने ढिमरी मोहल्ला, शारदा चौक, हरिजन गुरूद्वारा, खिरकापुरा चौक, मोक्षधाम रोड, महाकाल मंदिर (मोक्षधाम), माहोरे के दुकान के सामने, पातालेश्वर मंदिर, श्रीमती जया पटेल के निवास के सामने, त्रिलोकी नगर, दादा दरवार राणा लॉन, चारफाटक, श्याम टाकीज, शनिचरा बाजार होते हुए गांधीगंज लायब्रेरी पहुंचे ।श्री पटेल ने भाजपा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू के साथ जनसंपर्क करते हुए जनता से अपना वोट रूपी आशीर्वाद भाजपा के पक्ष में देकर श्री विवेक बंटी साहू को प्रचंड बहुमतों से विजयी बनाने की अपील की । इस दौरान जगह-जगह पदयात्रा का स्वागत भी किया गया । जगह जगह मतदाताओं का व्यापक सहयोग मिलता नज़र आया। कई स्थानों पर लाडली बहनों ने अपने भाई भाजपा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू की आरती कर तिलक लगाया। बहनों ने भाजपा में निष्ठा जताते हुए सहयोग का वचन दिया।

## मूक बधिर युवती को जंगल में अकेली पाकर बनाया था अपनी हवस का शिकार

**न्यायालय ने सुनाई 10 साल की कठोर सजा**



अमरवाड़ा। अपर सत्र न्यायालय अमरवाड़ा के अतिरिक्त अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमान संदीप कुमार पाटिल द्वारा थाना बटकाखापा के अपराध क्रमांक 86/2020, धारा 323,376(2)रु भादवि एवं धारा 92क्ष् 92ष्ठदिव्यांग जन अधिकार अधिनियम 2016 अंतर्गत ग्राम चिखला, थाना बटकाखापा जिला छिंदवाड़ा निवासी मंथराम उर्फ बजारी पिता तिज्जू भारिया उम्र 22 वर्ष को 10 साल के कठोर कारावास एवं जुर्माने से दण्डित किया गया है। अखिल सोनी अपर लोक अभियोजक द्वारा घटना के सम्बंध में बताया गया कि आरोपी पर आरोप था कि दिनांक 07/08/2020 को अभियोक्त्री दोपहर में बकरी चराने के लिए जंगल की तरफ गई थी, जहां उसे आरोपी मिला था। आरोपी ने बुरी नीयत से अभियोक्त्री के साथ उसी स्थान पर हाथ थप्पड़ से मारपीट किया, बाल पड़कर खींच कर सर पर मारा और उसके साथ झूम झटकी कर उसके कपड़े फाड़ दिया, अभियोक्त्री द्वारा विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी दिया और अभियोक्त्रि को जमीन पर पटककर उसके साथ बलात्कार किया। उक्त सारी बातें अभियोक्त्रि ने अपने घर आकर अपनी चाची मां को इशारे से बताई। उक्त घटना की सूचना थाना बटका खापा में दी गई। महिला संबंधी एवं मूकवधिर संबंधी अपराध होने से महिला पुलिस अधिकारी द्वारा मूकबधिर विशेषज्ञ के माध्यम से अभियोक्त्री के बयान लेकर, प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की जाकर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान सभी आवश्यक साक्षीयों के कथन लेख किए गए अभियोक्त्री की निशादेही पर आरोपी की पहचान की गई एवं सभी आवश्यक कार्यवाही करने के पश्चात अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय के समक्ष अपर लोक अभियोजक अखिल सोनी के द्वारा अभियोक्त्री मूकबधिर होने के कारण बयान इशारों की भाषा में अनुवादक के माध्यम से दर्ज कराए गए, जो एक चुनौती पूर्ण कार्य था। सभी आवश्यक साक्षियों के कथन कराए जाने के पश्चात माननीय न्यायालय के समक्ष अपर लोक अभियोजक अखिल सोनी द्वारा बहस में पक्ष रखा गया कि महिलाओं के प्रति उक्त प्रकार के अपराध अधिक संख्या में घटित हो रहे हैं एवं उक्त प्रकरण में अभियुक्त के द्वारा मूकबधिर पीड़िता के साथ गंभीर प्रकृति का अपराध किया जाना साबित है, ऐसे कृत्यों को हतोत्साहित करना आवश्यक है अभियोक्त्रि के बयान एवं अपर लोक अभियोजक अखिल सोनी के तर्को से सहमत होते हुए माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को दोष सिद्ध पाते हुए 10 वर्ष कठोर कारावास से दंडित किया गया।

**चौरई विधानसभा**

# त्रिकोणीय संघर्ष, कांग्रेस के बागी

**बंटी पटेल का प्रचार जोरों पर, पंडित रमेश दुबे चुप बैठे**

**गोविन्द चौरसिया**

**छिंदवाड़ा।** जिले की चौरई विधानसभा में भाजपा और कांग्रेस में सीधा मुकाबला नहीं है, भाजपा के शक्तिशाली नेता पंडित रमेश दुबे को भाजपा ने टिकट न देकर लोधी प्रत्याशी लखन वर्मा को टिकट दिया है। पंडित रमेश दुबे को सपने में भी अहसास नहीं था कि उनकी टिकट कट जावेगी, वे पिछले पांच वर्षो से लगातार सक्रिय थे, किन्तु जातिवादी राजनीति में प्रहलाद पटेल ने अपनी ही जाति के लोधी लखन वर्मा को प्रत्याशी बना दिया, इससे रमेश दुबे और प्रहलाद पटेल जिनकी बड़ी विश्वनीय जोड़ी मानी जाती थी वह टूट गई, क्योकि प्रहलाद पटेल पर ही आरोप लगाये गये कि उन्होने ही टिकट कटवाया है।

भाजपा के लखन वर्मा चुनाव मैदान में है और आदिवासियों के बाद उनकी जात के लोग सबसे ज्यादा है उसके बाद रघुवंशी एवं फिर ब्राम्हण समाज आता है। कांग्रेस ने वर्तमान विधायक सुजीत चौधरी को प्रत्याशी बनाया है किन्तु शहपुरा के युवा इंका नेता नीरज कुमार ठाकुर बंटी पटेल ने विद्रोह कर दिया और चुनाव मैदान में है। बंटी पटेल नकुलनाथ के विश्वस्त थे कमलनाथ को भरोसा था बंटी पटेल उनका कहना मान कर नाम वापस लेगा किन्तु बंटी पटेल ने कमलनाथ और नकुलनाथ का कहना नहीं माना और निर्दलीय ट्रक चुनाव लेकर मैदान में है। चौरई में त्रिकोणी संघर्ष है। बिछुआ आदिवासी क्षेत्र होने के कारण गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का प्रत्याशी भी 12 से 15 हजार वोट ले जावेगा, जो तीसरी पोजिशन पर रहता है।

वर्तमान में चौरई विधानसभा में कुल मतदाताओं की संख्या 2,18,289 है एवं नये मतदाता 10,454 है। जिसमें पुरूष मतदाना 1,11,323 एवं महिलायें 1,06,964 मतदाता है।

चौरई विधानसभा का इतिहास देखे तो भाजपा के पंडित रमेश दुबे 1990 से लगातार चुनाव लड़ रहे है, उन्होने 1990 में कांग्रेस के प्रत्याशी मेरसिंग चौधरी को हराया था, 1993 में मेरसिंह चौधरी ने रमेश दुबे का हराया, 1998में पंडित रमेश दुबे फिर कांग्रेस के प्रत्याशी गम्भीरसिंह चौधरी से हार गये, 2003 में पंडित रमेश दुबे ने गम्भीर सिंह को हराया, 2008 में रमेश दुबे मेरसिंह चौधरी से हार गये 2013 में रमेश दुबे ने गम्भीरसिंह चौधरी को हराया, 2018 में रमेश दुबे सुजीत चौधरी से हार गये। इस तरह रमेश दुबे तीन बार जीते और चार बार हारे। 2023 का यदि टिकट मिलती तो उनका आठवां चुनाव होता किन्तु पार्टी में प्रत्याशी बदल दिया है।



### पंडित रमेश दुबे से मिले थे सुशील मोदी

पंडित रमेश दुबे को मनाने भाजपा नेता सुशील मोदी एवं अन्य नेता गये थे, उसके बाद प्रहलाद पटेल ने भी उन्हे बुलवाया था किन्तु वे गये नहीं उनके सभी समर्थक घर में चुपचाप बैठे हे। बताया जाता है कि पंडित रमेश दुबे सक्रिय होने वाले है वे किधर सक्रिय होते है, इसका क्षेत्र के उनके समर्थकों को इन्तजार रहेगा।

बताया जाता है कि पंडित रमेश दुबे इस चुनाव में टिकट कटने से पार्टी का काम नहीं कर रहे है। कांग्रेस के विद्रोही बंटी पटेल ने जोरशोर से प्रचार-प्रसार कर दिया है, वे कांग्रेस को ज्यादा नुकसान पहुंचायेंगे, बंटी पटेल रघुवंशी समाज के है इसीलिए रघुवंशी समाज के वोट बंटेगे।

विधानसभा में सबसे ज्यादा आदिवासी, फिर लोधी, रघुवंशी एवं ब्राम्हण समाज के लोग है।

लोधी क्षेत्र में एक बताये जाते है, जबकि रघुवंशी समाज के वोट बटेंगे, ब्राम्हण समाज भी भाजपा से नाराज है।

चुनाव प्रचार धीरे-धीरे तेज होते जा रहा है, कमलनाथ पांच दिन के प्रवास पर छिंदवाड़ा में है, जबकि शिवराजसिंह चौहान एवं प्रहलाद पटेल आज आये थे।

गोंडवाना पार्टी के प्रत्याशी भी अपने 15-20 हजार परम्परागत वोट लेंगे, चुनाव परिणाम क्या होता है यह तो परिणात बतायेगा, किन्तु चुनाव सबसे ज्यादा यहां रोचक हो गया है।

## स्काउट गाइड के कार्य सराहनीय हैं: मनोज पुष्प

**कलेक्टर,डीईओ ए सी सहित जिला संघ अध्यक्ष को लगाया स्काउट गाइड की स्थापना दिवस पर स्टीगर**



**छिंदवाड़ा।** भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ छिन्दवाडा के वार्षिक कार्यक्रम अनुसार 74 वां भारत स्काउट एवं गाइड स्थापना दिवस मनाया गया इस अवसर पर सर्व प्रथम उपस्थित पदाधिकारियों को स्काउटिंग परंपरा अनुसार स्कार्फ बागल लगाकर स्वागत किया गया तदुपरांत स्थापना दिवस ध्वज स्टीकर लगाकर स्थापना दिवस मनाया गया इस अवसर पर उपस्थित स्काउटर गाइडर के द्वारा सर्व प्रथम जिला कलेक्टर मनोज पुष्प को स्टीकर लगाकर मनाया गया ।इस अवसर पर कलेक्टर मनोज पुष्प ने स्काउट गाइड के कार्यों की प्रशंसा करते हुए स्थापना दिवस पर बधाई दी। इसी कड़ी अन्य विभाग प्रमुख में गोपाल सिंह बघेल जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला कमिश्नर स्काउट, सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग पदेन जिला कमिश्नर सतेन्द्र सिंह मरकाम, सहायक संचालक शिक्षा डी.पी. डेहरिया, पी.एल. मेश्राम एवं उमेश सातनकर, भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ अध्यक्ष विनोद तिवारी, डी.पी.सी.जे.के. इरपाचे. ए.डी.पी.सी. गिरीश शर्मा, भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ उपाध्यक्ष मनोज आरपुरे, रबि कनौजिया को स्टीकर लगाकर भारत स्काउट एवं गाइड स्थापना दिवस मनाया गया इसके बाद स्काउटर गाइडर के द्वारा कार्यालय परिसर पर साफ सफाई की गई एवं स्वच्छता अभियान चलाया गया तत्पश्चात समस्त स्काउट गाइड एवं स्काउटर गाइडर के द्वारा जिले के वरिष्ट नागरियो एवं अधिकारियों को उनके कर्यालय में उपस्थित होकर ध्वज स्टीकर लगाकर मनाया गया। 7 नवम्बर 1950 डॉ. ह्रदय नाथ कुंजरू, मदन मोहन मालवीय, एनी बेसेंट एवं श्रीराम बाजपेई आदि महापुरूषों के द्वारा भारत स्काउट एवं गाइड की स्थापना की गई थी इस कड़ी मे प्रत्येक वर्ष 7 नवम्बर को भातर स्काउट गाइड स्थापना दिवस के रूप में मनाया गया इसी कड़ी में कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी छिन्दवाड़ा उपस्थित समस्त कर्मचारियों विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों को स्टीकर लगाकर स्थापना दिवस मनाया गया ।

# अयोध्या से उज्जैन पहुंचा रामलला का कलश, पीले चावल देकर बाबा को दिया राम मंदिर के उद्घाटन का न्यौता

**उज्जैन।** 22 जनवरी 2024 को रामलला के मंदिर का उद्घाटन होगा। इस दिव्य आयोजन में शामिल होने के लिए सनातनी भक्तों को अयोध्या आने का बुलावा पीले चावल बांटकर दिया जा रहा है। इसके लिए अयोध्या से कलश बाबा महाकाल की नगरी पहुंचा।



मालवा प्रांत का अक्षत कलश लेकर मालवा प्रान्त मंत्री विनोद शर्मा एवं विभाग धर्माचार्य प्रमुख मुकेश खण्डेलवाल उज्जैन पहुंचे। अयोध्या से पधारे पूजित अक्षत कलश को उज्जैन रेलवे स्टेशन से यात्रा के रूप में लेकर सभी कार्यकर्ता महाकाल मंदिर पहुंचे, वहां अक्षत कलश भगवान महाकाल के समक्ष रखा गया तथा आमंत्रण के अक्षत भगवान महाकाल को अर्पित किया गया। इस अवसर पर महाकाल मंदिर के महंत विनित गिरी महाराज ने कहा कि हम सभी इस क्षण के साक्षी बन रहे हैं यह हम सबके लिए गौरव का समय है कि अयोध्या में श्रीराम लाल हमारे सामने मन्दिर में विराजित हो रहे हैं, महाकाल मंदिर के बाद कलश लेकर सभी विहिप कार्यालय उज्जैन पहुंचे तथा अक्षत कलश कार्यालय स्थित मंदिर में रखा गया।




भोपाल में आज कैलीफोर्निया बादाम बोर्ड के तत्वावधान में बादाम पर चर्चा का आयोजन किया गया। इस मौके पर न्यूट्रिशनिस्ट डा. रोहिणी पाटिल एवं कराते की गोल्ड मैडलिस्ट सुप्रिया जाटव ने संबोधित किया।

# दिसंबर में इंदौर से चलेगी पर्यटन ट्रेन, पुरी और अयोध्या की कराएगी यात्रा



**इंदौर।** इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन लिमिटेड (आइआरसीटीसी) द्वारा संचालित भारत गौरव पर्यटन ट्रेन 16 दिसंबर को इंदौर से रवाना होगी। ट्रेन में देवास, उज्जैन, शुजालपुर, सीहोर, रानी कमलापति, इटारसी, जबलपुर, कटनी और अनूपपुर स्टेशनों से भी यात्री सवार हो सकेंगे।

आठ रात और नौ दिनों की इस यात्रा में पुरी, गंगासागर, कोलकाता, वैद्यनाथ, वाराणसी व अयोध्या के दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा। यात्रियों को इकोनामी श्रेणी में 14,800 और स्टैंडर्ड श्रेणी में 23,400 रुपये खर्च करने होंगे। कम्फर्ट श्रेणी में 30,600 रुपये खर्च उठाना होगा। इसमें भोजन, बसों से दर्शनीय स्थलों की यात्रा, होटल की सुविधा मुहैया शामिल रहेगी। इसकी बुकिंग आइआरसीटीसी की साइट और अधिकृत एजेंटों से करा सकते हैं।

पश्चिम रेलवे द्वारा त्योहारी सीजन के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए रतलाम मंडल के रतलाम स्टेशन पर ठहराव के साथ राजकोट से बरौनी के मध्य स्पेशल ट्रेन।

# भोपाल में चुनाव प्रशिक्षण से गायब रहे 172 कर्मचारी, गुरुवार को नहीं आए तो होंगे निलंबित



**भोपाल।** विधानसभा चुनाव कराने के लिए मतदान दल के द्वितीय चरण के प्रशिक्षण में दूसरे दिन कुल तीन हजार 288 कर्मचारी शामिल हुए। हालांकि दूसरे प्रशिक्षण में भी 72 कर्मचारी अनुपस्थित रहे, जिन्हें कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह ने नोटिस जारी किए हैं। इस तरह अब कुल 172 मतदानकर्मी प्रशिक्षण से गायब रहे हैं। जिन्हें नोटिस जारी कर गुरुवार को आयोजित होने वाले प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए कहा गया है। यदि वह इस प्रशिक्षण में भी शामिल नहीं होंगे तो उनके खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। वहीं दो दिन चले प्रशिक्षण में 142 कर्मचारी परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर सके हैं। इन्हें दोबारा से मतदान प्रक्रिया और ईवीएम के बारे में जानकारी दी जा रही है।

जानकारी के अनुसार जिले में मतदान प्रक्रिया को संपन्न कराने के लिए कुल नौ हजार 18 कर्मचारियों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण सोमवार से दिया जा रहा है जो कि बुधवार तक चलेगा। यह प्रशिक्षण शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई महाविद्यालय और शासकीय मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय में आयोजित किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर आशीष सिंह ने सख्त निर्देश दिए हैं कि सभी कर्मचारी अनिवार्य रूप से प्रशिक्षण में शामिल हों।

## प्रशिक्षण में ये सिखाया जा रहा

सोमवार को चुनाव परीक्षा में फैल हुए 98 कर्मचारियों को दोबारा से प्रशिक्षण दिया गया और वहीं मंगलवार को 42 कर्मचारी फैल हो गए हैं, जिन्हें बुधवार को प्रशिक्षण दिया जाएगा।



राजधानी के बाजारों में दीपावली पर सजावट के लिए खरीददारी का दौर चरम पर है।

# मध्य प्रदेश इस बार मनाएगा तीन दिवाली: सिंधिया

**भोपाल।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि इस बार मध्य प्रदेश के लोग तीन दिवाली मनाएंगे। 12 नवंबर को पहली दिवाली मनाएंगे। दूसरी बार 3 दिसंबर को जब मध्य प्रदेश में भाजपा सरकार बनेगी और तीसरी बार फिर से 22 जनवरी को दिवाली मनाएंगे, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या के राम मंदिर में भगवान राम की मूर्ति स्थापित करेंगे।



दरअसल, मंगलवार को केंद्रीय मंत्री सिंधिया गुना जिले के दौरे पर पहुंचे। जहां उन्होंने राघोगढ़ के आरोन में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि राघोगढ़ से मेरा केवल संबंध ही नहीं है, बल्कि राघोगढ़ मेरी ऊर्जा का स्रोत भी है। मुझे मालूम है कि यहां की जनता विकास, प्रगति और अच्छे दिन की भूखी है। क्योंकि जिनपर इन्होंने भरोसा किया उसने इन्हें कभी नहीं पूछा। राघोगढ़ में परिवर्तन की आवाज उठ रही है और ये शुभ संकेत है क्योंकि यहां जैसे ही कमल खिलेगा इनकी जिंदगी खिल उठेगी।

सिंधिया ने कहा कि राघोगढ़ के आरोन क्षेत्र में जनता-जनार्दन से मुलाकात की और उनकी मांगों को सुना। उन्हें विश्वास दिलाया कि अगर वे भाजपा प्रत्याशी हरेंद्र सिंह बंटी बना को विजयी बनाते हैं तो पूरे क्षेत्र का कायाकल्प सुनिश्चित है। उन्होंने कहा कि अब अरुन (राघोगढ़) से काले बादल हटाने का वक्त है। केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि दिवाली आ रही हैञ्इस साल आप एक दो नहीं बल्कि तीन दिवाली मनाओगे। आने वाले तीन माह में हम तीन बार दिवाली मनाएंगे। पहली 12 नवंबर को, दूसरी जब तीन दिसंबर को पेटियां खुलेंगी और आपके आशीर्वाद से आपका विधायक सेवक बनेगा। तीसरी दिवाली आप मनाओगे जब 1.40 करोड़ की जनता के सपने को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 जनवरी 2024 को भगवान श्री राम मंदिर अयोध्या में बैठकर प्रणाम प्रतिष्ठा करेंगे।

# आक्रोशित किसान बदल ना दे विधानसभा चुनाव के परिणाम, सोसायटी में खाद नहीं, चक्काजाम के साथ लग रहे नारे

**भोपाल।** इन दिनों मध्य प्रदेश के कई जिलों में यूरिया खाद की किल्लत हो गई है, जिससे किसान परेशान हैं. प्रदेश के अन्य जिलों की तरह उज्जैन के किसान भी यूरिया की किल्लत से परेशान हैं. उज्जैन के किसानों ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर जल्द ही यूरिया की कमी को पूरी नहीं की गई, तो इसका असर विधानसभा चुनाव पर भी पड़ेगा. हालांकि प्रशासनिक अधिकारी किसानों की समस्या दूर करने में जुटे हुए हैं. मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव महज कुछ दिन और बाकी हैं. ऐसे में किसानों की नाराजगी सरकार पर भारी पड़ सकती है. धार्मिक नगरी उज्जैन में किसानों को यूरिया की कमी के कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. लाखाखेड़ी के रहने वाले किसान राधेश्याम ने बताया कि वे शनिवार (4 नवंबर) को यूरिया की कतार में लगे थे, मगर उन्हें सोमवार (6 नवंबर) को आने को कहा गया था. जब वह सोमवार को अपना टोकन लेकर मंडी में पहुंचे तो



बताया गया कि रविवार को ही खाद बांट दी गई.

**सोयाबीन की फसल का नहीं मिला मुआवजा–** यूरिया की कमी से परेशान किसान प्रभु लाल ने बताया कि वे धन्ना खेड़ी से खाद लेने के लिए आए हैं, मगर उन्हें बेरंग होकर लौटना पड़ रहा है. कृषि उपज मंडी में किसानों के हंगामे को देखते हुए पुलिस बल भी तैनात कर दिया गया है. किसानों का यह भी कहना है कि सोयाबीन की फसल में उन्हें काफी नुकसान हुआ है, जिसका मुआवजा तक नहीं मिल पाया है. इसके बाद अब गेहूं की फसल के लिए यूरिया नहीं मिल रही है, जिसकी वजह से उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ेगा.

**उज्जैन में यूरिया की ब्लैक मार्केटिंग–** किसान रामचंद्र का कहना है कि यूरिया ब्लैक मार्केटिंग के जरिए बेची जा रही है. बाजार में यूरिया को 500 से 600 रुपये में बेचा जा रहा है. जिसकी वजह से किसानों को अधिक राशि देकर खाद खरीदनी पड़ रही है, जिससे फसल के लिए होने वाले फायदे में कमी आई है. किसाने की अपनी मजबूरी है जिसका फायदा कालाबाजारी करने वाले धड़ल्ले से उठा रहे हैं. किसानों के आरोपों को इस वजह से भी बल मिलता है कि उज्जैन जिले के उन्हेल में खाद की कालाबाजारी करने वाले पर एफआईआर भी दर्ज हुई है.

**जिला प्रशासन ने क्या कहा?–** इस संबंध में उज्जैन के डिप्टी कलेक्टर लक्ष्मी नारायण गर्ग ने बताया कि किसानों की समस्या जैसे ही जिलाधीश कुमार पुरुषोत्तम के सामने आई, उन्होंने तत्काल जिला भर के डिप्टी कलेक्टरों को निगाह रखने के निर्देश दिए हैं. यूरिया के वितरण को लेकर मॉनिटरिंग की जा रही है. इसके अलावा कृषि विभाग के माध्यम से यूरिया के आवंटन और मांग की पूर्ति के बारे में भी जानकारी मंगवाई गई है।

# सड़क हादसे का शिकार हुई दादी को न्याय दिलाने 13 दिन कैंडल मार्च निकालेंगे स्वजन

**भोपाल।** राजधानी के कोलार इलाके में तीन दिन पहले एक 66 वर्षीय महिला को सड़क पार करते समय डंपर ने रौंद दिया था। इस हादसे में बुजुर्ग महिला की मौत हो गई थी। घटना के बाद लोग आक्रोशित हो गए और उन्होंने मांग की कि डंपर चालक को गिरफ्तार किया जाए और सड़क निर्माण करने वाली एजेंसी के खिलाफ एफआइआर दर्ज की जाए। अब यह मामला तूल पकड़ता जा रहा है।

क्ष्द्धश्चश्वड्ड्य ह्द्द2ह्य- बैरागढ़ में सड़कों पर आवारा पशुओं का जमावड़ा, नहीं होता शिकायतों का समाधानक्ष्द्धश्चश्वड्ड्य ह्द्द2ह्य-बैरागढ़ में सड़कों पर आवारा पशुओं का जमावड़ा, नहीं होता शिकायतों का समाधान

**जस्टिस फार दादी के लगाए पोस्टर–** सड़क हादसे का शिकार हुई दादी को न्याय दिलाने 13 दिन कैंडल मार्च निकालेंगे स्वजनक्ष्द्धश्चश्वड्ड्य ह्द्द2ह्य- सड़क हादसे का शिकार हुई दादी को न्याय दिलाने 13 दिन कैंडल मार्च निकालेंगे स्वजन बुजुर्ग महिला की मृत्यु के बाद उसके स्वजनों में काफी आक्रोश है। इस मामले में मृतका के नाती-




नातिन समेत अन्य स्वजन ने फैसला किया है कि वह दादी को मौत के बाद 13 दिन तक रोजाना घटना को लेकर अपना आक्रोश दिखाएंगे और इसके लिए वह रोजाना कैंडल मार्च निकालेंगे। इसके लिए पोस्टर भी कोलार रोड पर लग गए हैं, जिन पर लिखा है - जस्टिस फार दादी।

**घटना के बाद से ही लोगों में आक्रोश–** हम बता दें कि बीमाकुंज परिसर के सामने रहने वाली 66 वर्षीय लली श्रीवास्तव को तीन दिन पहले एक तेज रफ्तार डंपर ने रौंद दिया था। घटना के समय कोचिंग से लौट रहे उनके दो नाती भी साथ में थे। घटना के बाद रहवासियों के साथ स्वजनों ने रास्ते पर हंगामा कर अपना आक्रोश दिखाया था। स्वजन इतने गुस्से में थे कि उन्होंने टक्कर मारने वाले वाहन में तोडफोड़ कर दी थी।

**13 दिन तक निकालेंगे कैंडल मार्च–** मृतक महिला के स्वजनों ने बताया कि वह 13 दिन तक कोलार में दादी को न्याय दिलाने के लिए कैंडल मार्च निकालेंगे। उनकी मांग है कि पुलिस ने अभी तक डंपर के ड्राइवर को गिरफ्तार नहीं किया है। इसके अलावा सड़क निर्माण कंपनी पर इस मामले में लापरवाही का मामला दर्ज किया जाना चाहिए। उसने सड़क निर्माण के दौरान सुरक्षा नियमों का पालन नहीं किया है। इसके कारण हादसे हो रहे हैं।

# ग्वालियर में बीजेपी को बड़ा झटका, पूर्व विधायक मदन सिंह कुशवाहा ने थामा कांग्रेस का हाथ



**ग्वालियर।** ग्वालियर में एक बार फिर भाजपा को झटका लगा है। यहां पूर्व विधायक मदन कुशवाहा ने बीजेपी से इस्तीफा देकर कांग्रेस का दामन थामा है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की आमसभा के दौरान पूर्व विधायक और भाजपा नेता मदन कुशवाहा ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान मल्लिकार्जुन खड़गे ने उन्हें शॉल और श्रीफल देकर पार्टी में स्वागत किया और उनकी मंच से तारीफ की।

बता दें कि पूर्व विधायक और बीजेपी के नेता मदन कुशवाहा पिछले 4 दिन से मंत्री भरत सिंह कुशवाहा के साथ प्रचार कर रहे थे। लेकिन अचानक से उन्होंने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। मदन सिंह कुशवाहा के कांग्रेस में शामिल होने के बाद अब सबसे बड़ी चुनौती मंत्री भरत सिंह कुशवाहा के लिए बन गई है, क्योंकि यह दोनों नेता कुशवाहा समाज से आते हैं और ग्वालियर ग्रामीण विधानसभा में कुशवाहा समाज के निर्णायक वोट बैंक है। इसलिए अंदाजा लगाया जा रहा है कि सबसे ज्यादा मदन सिंह कुशवाहा मंत्री भरत सिंह कुशवाहा को नुकसान पहुंचाएगा।

गौरतलब है कि पूर्व विधायक मदन सिंह कुशवाहा ग्वालियर ग्रामीण विधानसभा के अच्छे नेता के तौर पर माने जाते हैं और कुशवाहा समाज में उनकी अच्छी पकड़ है। मदन सिंह कुशवाहा पहले बहुजन समाज पार्टी से चुनाव लड़ चुके हैं और विधायक भी रहे है। उसके बाद यह बसपा का दामन छोड़कर बीजेपी में शामिल हुए थे। लेकिन अबकी बार पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया। जिसके बाद वह नाराज होकर कांग्रेस में शामिल हो गए।

# भाजपा एक धोखेबाज पार्टी है: हिंदू महासभा



**भोपाल।** अखिल भारतीय हिंदू महासभा ने पत्रकार वार्ता में बीजेपी पर कई आरोप लगाए एवं कहा भाजपा धोखेबाज पार्टी है। अखिल भारतीय हिंदू महासभा के महासचिव देवेंद्र पांडे ने कहा कि भाजपा ने राम जन्मभूमि के चंदे में 14 सौ करोड़ का घोटाला किया। जमीन खरीदी में घोटाला किया और प्रचारित कर रहे हैं कि कि राम मन्दिर उनकी कृपा से बन रहा है। इन्होंने मुलायम सिंह के साथ मिलकर हिन्दू और मुस्लिम वोटों का ध्रुवीकरण किया। उन्होंने आरोप लगाया कि राम भूमि के खिलाफ सुन्नी से वक्फ बोर्ड को मुकदमा लड़ने के लिए इन्हीं लोगों ने पैसे दिये थे। राम जन्मभूमि का मुकदमा अखिल भारत हिन्दू महासभा ने लड़ा। जन्मभूमि के पैरोकार कमलेश तिवारी की हत्या कर दी गई, हत्यारे गुजरात से आये थे। उन्हें संरक्षण दिया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा हिंदुत्व और सनातन का चोला ओढ़ कर केवल वोटों की राजनीति कर रही है। इससे लोगों को सावधान रहने की जरूरत है।

# बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक दे रहे मतदाता जागरूकता का संदेश

**भोपाल।** विधानसभा चुनाव में पिछले चुनाव की अपेक्षा इस बार मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय और जिला प्रशासन सहित अन्य विभागों द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक नुक्कड़ नाटक सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित कर जागरूकता का संदेश दे रहे हैं।

जानकारी के अनुसार नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से मतदान का महत्व समझाया जा रहा है। मतदाताओं को मताधिकार का उपयोग कर जागरूक नागरिक बनने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है।

**बुजुर्गों ने मतदाता जागरूकता का दिया संदेश–** सीनियर सिटिजन होम आसरा के सदस्यों ने मतदाताओं से 17 नवंबर को मतदान करने की अपील की है। उन्होंने लोकतंत्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संदेश भी दिया। इसी के साथ वृद्धजन मतदाता जागरूकता रैली का






आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ ऋतुराज सिंह ने मतदाताओं को शपथ दिलाई।

**बच्चे कर रहे अनूठा आयोजन, जागरूक करने बने मोटू-पतलू और छोटा भीम–** मतदाताओं को जागरूक करने के लिए बच्चों द्वारा भी अनूठे आयोजन किया जा रहे हैं। पिछले दिनों बच्चों ने मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए रेलवे स्टेशन, पुरानी सब्जीमंडी, भीम नगर ओर न्यू मार्केट में मोटू,प तलू, टॉम एंड जेरी, छोटा भीम जैसे ड्रेसअप पहन कर पोस्टर लेकर जागरूकता संदेश दिया।

**सद्भावना मैच खेलकर दिया मतदान का संदेश–** स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय बैरसिया में मंगलवार को मतदाता जागरूकता आभियान के अंतर्गत प्रिंसिपल इलेविन एवं स्टूडेंट की टीम के बीच सदभावना बालीबाल मैच खेला गया। इस दौरान महाविद्यालय की सभी फैकल्टी एवं स्टूडेंट्स ने उत्साहपूर्वक मैच में भाग लेते हुए ये मैच मतदाता जागरूकता को समर्पित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. राजू तिलन्थे ने बताया कि लोकतंत्र के महायज्ञ में मतदान रूपी एक-एक आहुति सबकी हो बस इसी सन्देश को जन-जन तक पहुंचाने का हमारा प्रयास है।

**रैलियों का भी किया जा रहा है आयोजन–** जिला प्रशासन और निर्वाचन के अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से मतदाताओं को जागरूक करने के लिए दोपहिया, चारपहिया वाहन रैलिया का आयोजन भी किया जा रहा है ।इसके साथ ही शहर के वरिष्ठ नागरिक भी इन रेलिया में मतदाताओं को जागरूक करने का संदेश दे रहे हैं।